हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

10 बाजार में पहुंच रही प्रतिबंधित पॉलीथिन और डिस्पोजल ...

13 भोजली माता की पूजा कर महिलाओं ने मांगी...

नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड आरक्षण में महिला भारी, कई दिग्गजों को बदलनी पड़ेगी सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में आने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को दुर्ग कलेक्ट्रेट में वार्ड आरक्षण प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 7, अनुसूचित जाति के लिए 2, अनुसूचित जनजाति के लिए एक वार्ड आरक्षित किया गया है। शेष 10 वार्ड अनारक्षित रखे गए। सभी वर्ग में नियमानुसार महिलाओं के लिए वार्ड आरक्षित किया गया है। आरक्षण में देखने वाली दिलचस्प बात यह रही की महिला आरक्षण ने कई दिग्गजों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

आरक्षण के बाद ओबीसी, एससी और एसटी वार्डों की स्थिति

वार्ड क्रमांक 1 काली माता वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 3 लक्ष्मी पारा अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 4 दुर्गा मंदिर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 7 लीला चौक अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 8 राम मंदिर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त और वार्ड क्रमांक 19 महामाया वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त रखा गया है। वार्ड क्रमांक 2 मठपारा शक्ति नगर को अनुसूचित जनजाति मुक्त रखा गया है। वहीं वार्ड क्रमांक 6 संतोषी चौक अनुसूचित जाति महिला और वार्ड क्रमांक 20 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड अनुसूचित जाति मुक्त हुआ है।

ओबीसी के लिए 7, एससी के लिए 2, अनुसूचित जनजाति के लिए एक वार्ड आरक्षित

कई दिग्गजों को बदलनी पड़ेगी सीट या पत्नी की होगी दावेदारी

आरक्षण प्रक्रिया ने कई दिग्गज पार्षदों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कई वार्ड में महिला सीट आरक्षित होने से या तो दिग्गज दूसरी सीट तलाश करेंगे या फिर अपनी पत्नी को अपने वार्ड से दावेदारी करने का मौका देंगे। नगर पालिका के सबसे वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर वार्ड तीन से पार्षद हैं यह सीट महिला ओबीसी हो गई है। इसी तरह वार्ड पांच से दीपक गुप्ता 20 सालों से पार्षद हैं यह सीट भी सामान्य महिला हो गई है। वार्ड 14 से राजकुमार साहू दिग्गज पार्षदों में से हैं यह वार्ड भी अनारक्षित महिला हो गया है। वार्ड 16 से चुम्मन वर्मा पार्षद हैं और दिग्गज नेता हैं यह वार्ड भी सामान्य महिला हो गया है। इस तरह जिन वार्डों में कभी दिग्गज नेताओं की चलती थी अब वहां किसी महिला या उनकी पत्नियों की दावेदारी होगी।

10 वार्ड अनारक्षित किए गए

वार्ड क्रमांक 5 गणेश नगर को अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 9 महात्मा गांधी वार्ड को अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 10 सुभाष नगर को अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 11 एसीसी कालोनी को अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 13 लवकुश नगर को अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 14 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड को अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 15 राजीव नगर को अनारक्षित मुक्त, वार्ड क्रमांक 16 शिवपुरी को अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 17 देव नगर को अनारक्षित मुक्त एवं वार्ड क्रमांक 18 महाराणा प्रताप वार्ड को अनारक्षित मुक्त रखा गया है।

खबर संक्षेप

मारपीट करने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

भिलाई। घर में घुसकर मारपीट और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि हुडको निवासी लेखराज सिंह उर्फ राजा घर में घूसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी दिया था। पुलिस में शिकायत मिलने पर उसके साक्ष्य पाए जाने पर युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित के घर में प्रवेश कर गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट की।

डोडा अफीम बेच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। डोडा अफीम की अवैध बिक्री करने वाले को पुलिस ने पकड़ लिया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने डी-मार्ट के पास डोडा और अफीम बेचने के लिए खड़े युवक आर्यनगर कोहका निवासी राजा सिंह को पकड़ा गया। आरोपी के पास से दो पैकेट में 826 ग्राम डोडा, एक पैकेट में 7.48 ग्राम अफीम, मोबाइल और नगदी बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी ने अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से डोडा, अफीम को बेच रहा था। 826 ग्राम डोडा 7.48 ग्राम अफीम की कीमत 15 हजार है।

चाकू से हमला कर सामान लेकर हुए फरार

भिलाई। बंदूक के नोक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक दो युवक महमरा क्षेत्र में मछली पकड़ने गए थे। तभी बाइक सवार दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और गांजा पीने को लेकर सवाल किया। युवकों ने गांजा को लेकर इंकार करने पर बाइक सवार लौट गए। आरोप है कि कुछ देर बाद युवक दोबारा हाथ में बंदुक दिखाकर युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल कमल निषाद के कूल्हे और लोकेश निषाकी जांघ में गंभीर चोट आई है। पीड़ित के मुताबिक युवकों के पास 1,000 से 1,200 रुपये, मोबाइल फोन, बाइक की चाबी भी अज्ञात युवक अपने साथ लेकर फरार हो गए। युवकों ने अंजोरा चौकी पहुंचकर शिकायत किया है। पुलिस अज्ञात बाइक सवार की तलाश में पुलिस जुटी है। सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

भू अभिलेख विभाग दुर्ग के जारी रिपोर्ट में बारिश कम

दुर्ग जिले में सामान्य से 1.6% बारिश कम, कोटा पूरा करने अभी भी 207 मिमी बारिश की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

खास खबर

दुर्ग जिले में मानसून की रफ्तार अब तक सामान्य बनी हुई है। 16 सितंबर की स्थिति में दुर्ग जिले में 1 जून से अब तक औसतन 744.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि की औसत वर्षा 756.6 मिमी का 98.4 प्रतिशत है।

गुरुवार को जिले की किसी भी तहसील में वर्षा दर्ज नहीं की गई, लेकिन अब तक हुई बारिश ने अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बनाए रखी है। कलेक्टर कार्यालय (भू-अभिलेख शाखा) से जारी तहसीलवार वर्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब तक कुल 4465 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की संभावित औसत वर्षा 951.4 मिमी मानी जाती है, जिसके मुकाबले अभी भी लगभग 207 मिमी बारिश की आवश्यकता है।



सबसे ज्यादा बारिश दुर्ग तहसील में

तहसीलवार बारिश में दुर्ग तहसील में सबसे बेहतर स्थिति दिखाई दे रही है। यहां अब तक 933.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 860.9 मिमी की तुलना में 108.4 प्रतिशत है। इसी तरह बोरी तहसील में 647.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत 568.9 मिमी से अधिक होकर 113.8 प्रतिशत तक पहुंच गई है। ये दोनों तहसीलें अभी तक अपने औसत वर्षा आंकड़े को पार कर चुकी हैं। पाटन तहसील में अब तक 966.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत 1003.2 मिमी का 96.3 प्रतिशत है। जिले में सर्वाधिक संभावित औसत वर्षा भी पाटन तहसील की 1396.5 मिमी है। भिलाई-3 तहसील में 810.6 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत 906.2 मिमी का 89.5 प्रतिशत है।

जिले में अब तक बारिश की स्थिति

तहसील	वर्षा (मिमी)	औसत वर्षा (मिमी)	प्रतिशत
दुर्ग	933.1	860.9	108.4%
धमधा	518.7	574.5	90.3%
पाटन	966.2	1003.2	96.3%
बोरी	647.5	568.9	113.8%
भिलाई-3	810.6	906.2	89.5%
अहिवारा	588.9	625.9	94.1%
जिला औसत	744.2	756.6	98.4%

दुर्ग रहा प्रदेश में सबसे गर्म, 32.6 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ने के बीच बुधवार को दुर्ग सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया। जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पेण्ड्रा रोड में रिकॉर्ड किया गया।

धमधा और अहिवारा तहसील में कम बारिश

धमधा और अहिवारा तहसीलों में अब तक औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है। धमधा में 518.7 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत 574.5 मिमी का 90.3 प्रतिशत है, जबकि अहिवारा में 588.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत 625.9 मिमी का 94.1 प्रतिशत है।

स्वाइन फ्लू से एक मरीज की मौत, जिले में 11 सक्रिय मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) से एक मरीज की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय द्वारा 17 सितंबर को जारी रिपोर्ट में की गई है। सेक्टर-9 स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएच एंड आरसी) में भर्ती एक मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गई। रिपोर्ट में मरीज को मधुमेह (डीएम) से पीड़ित बताया गया है तथा मृत्यु का कारण कार्डियो पल्मोनरी अरेस्ट भी दर्ज किया गया है। जिले में यह स्वाइन फ्लू से पहली मौत का मामला सामने आया है।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में स्वाइन फ्लू के कुल 58 मामले सामने आ चुके हैं। वर्तमान में 11 सक्रिय मरीज उपचाराधीन हैं। गुरुवार को 4 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि 8 पुराने मरीज विभिन्न अस्पतालों और होम आइसोलेशन में उपचाररत हैं। इस प्रकार कुल 12 मरीज उपचाराधीन रहे। रिपोर्ट के मुताबिक सेक्टर-9 अस्पताल में सबसे अधिक 3 नए मरीज भर्ती किए गए हैं। वहीं स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल भिलाई में 2 तथा हाईटेक अस्पताल और एनएचएमएमआई अस्पताल रायपुर में एक-एक मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा 5 मरीज होम आइसोलेशन में रहकर उपचार ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अब तक 46 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। गुरुवार को भी विभिन्न अस्पतालों और होम आइसोलेशन से कुल 46 मरीजों के स्वस्थ होने का आंकड़ा दर्ज किया गया। जिले में स्वाइन फ्लू की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार की व्यवस्था की गई है।

सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने नागरिकों से सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरतने, मास्क का उपयोग करने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई है। कुल 58 मामले सामने आ चुके है। चार नए मरीज मिले है। 11 सक्रिय केस है। 12 का उपचार चल रहा है। 46 अब तक डिस्चार्ज हो चुके हैं।

साइबर ठगी और ऑनलाइन सट्टा को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- अब 257 गिरफ्तारियां भी, 3,162 खातों का पहचान, 63 पर जुर्म दर्ज भी

साइबर ठगी एवं ऑनलाइन सट्टे के वित्तीय नेटवर्क में म्यूल बैंक खातों की पहचान कर पुलिस ने 3,162 खातों का पहचान किया है। पुलिस ने अब तक 63 अपराध दर्ज कर 578 खातों में सत्यापन कर 257 गिरफ्तारियां दर्ज की है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सटोरियों से म्यूल बैंक खातों का उपयोग किया जाता रहा है। ऐसे बैंक खातों की पहचान के लिए शिकायतों, बैंकिंग लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, यूपीआई ट्रांजेक्शन और उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों का लगातार जांच किया जा रहा है। तकनीकी एवं वित्तीय विशलेषण के आधार पर खातों की पहचान की गई।इसके अलावा 578 बैंक खातों के बारे में सत्यापन की कार्रवाई की गई है। इन खातों से जुड़े खाताधारकों व बैंकिंग जानकारी का परीक्षण किया है। वर्तमान में 916 म्यूल बैंक खाते लंबित हैं। इन खातों से जुड़े बैंकिंग लेन-देन, केवाईसी, मोबाइल नंबर, यूपीआई एवं अन्य उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण कर खाता धारकों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने बैंक खातों से जुड़े अभिलेख, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, केवाईसी दस्तावेज समेत अन्य उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल साक्ष्य जब्त किया है। पुलिस ने विभिन्न साइबर ठगी प्रकरणों से कुल 2.75,50,091 रकम डिस्प्यूट किया।

जेल में चिलम और दो मोबाइल मिला, कई आपत्तिजनक सामान भी किए गए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

केंद्रीय जेल दुर्ग में गुरुवार की सुबह अचानक जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम दबिश देने पहुंची। कलेक्टर अभिजीत सिंह के नेतृत्व में 100 पुलिस जवान और अधिकारी भी दुर्ग जेल पहुंचे। टीम ने जेल की सभी बैरकों की तलाशी ली गई। इस दौरान टीम को 2 मोबाइल, 1 सिम कार्ड, बीड़ी, चिलम और अन्य आपत्तिजनक सामान मिला।

बरामद सामान का पंचनामा बनाकर पदमनाभपुर थाने को सौंप दिया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मुताबिक जेल की सभी बैरकों की तलाशी ली गई है। जांच में दो मोबाइल, एक सिम कार्ड, बीड़ी और चिलम मिली है। सभी सामान का पंचनामा बनाकर पदमनाभपुर थाने को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद मोबाइल की जांच की जाएगी। इसमें पता लगाया जाएगा कि मोबाइल से किन-किन नंबरों पर बात की जाती थी। कौन सा सिम कार्ड इस्तेमाल हो रहा था और सिम किसके नाम पर जारी हुआ था, इसकी भी जानकारी जुटाई जाएगी।

औचक कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई थी। अधिकारी तड़के केंद्रीय जेल पहुंचे। इसके बाद जेल परिसर को घेरे में लेकर तलाशी शुरू की गई। टीम ने अलग-अलग हिस्सों में एक साथ जांच की। सभी बैरकों के अलावा उन जगहों की भी तलाशी ली गई, जहां प्रतिबंधित सामान छिपाए जाने की आशंका थी। तलाशी में मिले सामान की सूची तैयार कर पंचनामा बनाया गया है। इसे पदमनाभपुर थाने को सौंप दिया गया है। अब मोबाइल फोन और सिम कार्ड की तकनीकी जांच होगी। जांच से यह पता लगाया जाएगा कि मोबाइल का इस्तेमाल कौन कर रहा था, सिम किसके नाम पर है और मोबाइल से किन नंबरों पर बातचीत हुई थी। इन तथ्यों के सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिम कार्ड मोबाइल कैसे पहुंचा

जेल में बंदियों के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रतिबंधित है। बावजूद दो मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड मिलने के बाद अब इसकी जांच की जाएगी कि ये सामान जेल के अंदर कैसे पहुंचा। जांच में सिम कार्ड किसके नाम पर है और मोबाइल से किन लोगों से संपर्क किया गया था, इसकी जानकारी सामने आएगी। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बाहर से कोई भी प्रतिबंधित सामान जेल के अंदर नहीं पहुंचना चाहिए। इसके लिए जांच व्यवस्था मजबूत रखने और सुरक्षा में लापरवाही नहीं करने के निर्देश भी दिए है। निरीक्षण के दौरान जेल की बुनियादी सुविधाओं की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर के मुताबिक जेल में बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त हैं।

संचालक की महिला कर्मी ने कहा कि रवि कुशवाहा के कहने पर मकान दिया किराए पर

लिस्टोमेनिया के संचालक के कहने पर टूटा सूने मकान का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सुपेला थाना के स्मृति नगर चौकी अंतर्गत जुनवानी रोड स्थित अलकनंदा फेज-1 में एक सूने मकान का ताला तोड़कर उसे इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को किराय पर देने का मामला सामने आया था। इस मामले में भले ही पुलिस जांच के लिए शिकायतकर्ता का इंतजार कर रही है, लेकिन इसमें टीआई सूर्या मॉल में संचालत लिस्टोमेनिया बार एंड रेस्टोरेंट के संचालक रवि कुशवारा का नाम सामने आ रहा है।

उनके यहां काम करने वाली महिला कर्मचारी रितु मिश्रा ने हरिभूमि को फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने रवि कुशवाहा के कहने पर सूने मकान का ताला तुड़वाया और ब्रोकर के थ्रू मकान को किराया पर चढ़ाया। ब्रोकर ने इंजीनियरिंग छात्रों से किराया लेकर अपना ब्रोकरेज काटा और शेष रकम रितु मिश्रा के खाते में डाली है। दरअसल जिस मकान का ताला तोड़कर किराये से चढ़ा दिया गया उसके मालिक भूपेंद्र वर्मा ने बताया कि उनके मकान में अनाधिकृत रूप से रह रहे छात्र जय जायसवाल और प्रियांशु ठाकुर ने बताया कि रोशन राज नाम के ब्रोकर ने उन्हें यह मकान रितु मिश्रा का बताकर उन्हें किराये पर दिया है। उन्होंने किराये के तौर पर ब्रोकर के एकाउंट में 17 हजार रुपए डाले हैं। रोशन को फोन लगाने पर उसका फोन बंद आया, लेकिन जब रितु मिश्रा को फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि वो लेस्टोमिनिया के संचालक रवि कुशवाहा के यहां नौकरी करती हैं। उनके पास अलकनंदा, पोटिया सहित कई जगह बड़ी संख्या में मकान और फ्लैट हैं, जिसे वो और उनके पिता किराये पर देते और किराया वसूल करते हैं। रवि कुशवाहा ने उन्हें कहा था कि अलकनंदा फेस 1 फ्लैट नंबर 104 उनका है। उसका ताला तोड़कर उसे किराये पर चढ़ाना है। उन्होंने फ्लैट का ताला तुड़वाया और ब्रोकर के थ्रू उसे किराये पर चढ़ाया। रितु का कहना है इसमें उनका कोई दोष नहीं है वो केवल अपने बॉस के कहने पर ऐसा किया। वहीं जब रवि कुशवाहा को कई बार फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।





किराये के पैसा कैस पर जाते हैं कई जगह

बातचीत के दौरान रितु मिश्रा ने यह भी बताया कि उनके पिता और वो रवि कुशवाहा के मकानों का रेंट किरायदारों से लेते हैं और उसके बाद उस पैसे को रवि कुशवाहा व उनके व उनके कहने पर कुछ भाजपा के बड़े नेताओं दे देते हैं। रितु ने रवि कुशवाहा व उनके बीच हुए ट्रांजेक्शन के स्क्रीन शॉट भी हरिभूमि से शेयर किए हैं।

शिकायतकर्ता हटा पीछे, एसपी ने सीएसपी को सौंपी जांच

दुर्ग जिले में इस तरह का पहला मामला सामने आने के बाद जब इसकी जानकारी एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल को हुई तो उन्होंने मामले की जांच भिलाई नगर सीएसपी को सौंपी है। सीएसपी इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने और चौकी प्रभारी अमित अंदानी ने शिकायतकर्ता भूपेंद्र वर्मा को फोन कर एफआईआर दर्ज करने के लिए थाने बुलाया लेकिन अब वो किसी दबाव के चलते पीछे हट रहे हैं। उनका कहना है कि उनके मकान से चोरी हुआ उनका सामान मिल जाए वो कोर्ट कचेहरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहते हैं, लेकिन आईपीएस विजय अग्रवाल ने कहा यदि यह मामला किसी बड़े सिंडीकेट या इनकम टैक्स की चोरी से जुड़ा है तो पुलिस आवेदन के आधार पर स्वतः संज्ञान लेगी और मामले की जांच करेगी।पुलिस इस मामले में रवि कुशवाहा, रितु मिश्रा व वहां रहे छात्रों सहित ब्रोकर से पूछताछ कर उनका बयान भी दर्ज करेगी।

बाजार में पहुंच रही प्रतिबंधित पॉलीथिन और डिस्पोजल निरंकुश हैं कारोबारी, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

7 दुकानदारों से 3 हजार से अधिक जुर्माना पोटिया चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच, प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन और डिस्पोजल का कारोबार पिछले लंबे समय से धड़ल्ले से चल रहा है। कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ खानापूर्ति हुई है। दुर्ग निगम ने एक बार फिर कार्रवाई शुरू की है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है।

निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की जा रही है कि कचरा खुले में न फेंकें, निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न करें। इसके बावजूद समझाइश के बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध निगम अमले द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम मेंबाजार विभाग एवं अतिक्रमण टीम ने पोटिया कला चौक के दुकानों का सघन निरीक्षण किया। पोटिया चौक में जांच के दौरान 7 दुकानों में प्रतिबंधित डिस्पोजल एवं पॉलीथिन सामग्री पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध

कार्रवाई की गई। निगम अमले द्वारा इन दुकानदारों से 3 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री को जब्त कर संबंधित दुकानदारों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता केवल निगम प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व एवं कर्तव्य है। स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नागरिकों एवं व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है।

प्रतिबंधित पॉलीथिन बाजार में मिल रही हर जगह

प्रतिबंधित पॉलीथिन बाजार में हर जगह उपलब्ध है। खास तौर पर पसरा, ठेला लगाने वालों और किराना दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। धमधा नाका के पास जितनी भी फल की दुकानें संचालित हो रही हैं, सभी जगहों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा उतई टैम्पो स्टैंड, जेल रोड, इंदिरा मार्केट सहित अन्य जगहों पर पॉलीथिन की बिक्री हो रही है। लगातार शिकायत के बाद भी इन क्षेत्रों में कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अलावा शहर के आउटर क्षेत्रों में डिस्पोजल तैयार किए जा रहे हैं, उन्हें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में घपाया जा रहा है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

7 साल से नहीं बंटे डस्टबिन, पुराने हो चुके खराब

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत सफाई कराई जानी है। 1 अप्रैल से इसे लागू किया गया है। इसके अंतर्गत नए सिरे से डस्टबिन का वितरण होना है, लेकिन 5 महीने बाद भी डस्टबिन का वितरण नहीं हुआ है। इसके चलते डोरटूडोर कचरा कलेक्शन में सफाई कर्मियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। नए नियमों के अंतर्गत चार प्रकार के डस्टबिन का वितरण होना है। इसमें गीला-सूखा कचरा के अलावा सेनटरी और मेडिकल वेस्ट के लिए अलग-अलग डस्टबिन का वितरण किया जाना है, ताकि इसका कचरा अलग मिल सके, लेकिन अब तक डस्टबिन नहीं बंटने से लोगों द्वारा सभी प्रकार का कचरा एक साथ मिलाकर दिया जा रहा है।

खबर संक्षेप

यूपीआई भुगतान पर चार्ज लगाए जाने का बोझ पड़ेगा पब्लिक पर

दुर्ग। यूपीआई भुगतान पर चार्ज

लगाए जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी भी खुलकर सामने आ गई है। केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ उग्र आंदोलन के चेतावनी दी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष रजक रजा ने कहा कि यूपीआई भुगतान पर चार्ज लगाया जाना पूरी तरह से गलत निर्णय है।उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान अब रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है। ऐसे में ऑनलाइन लेन-देन पर किसी तरह का अतिरिक्त चार्ज लगाने से छोटे व्यापारियों की परेशानी बढ़ सकती है। छोटे दुकानदार पहले से महंगाई और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में लेन-देन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाना उनके हित में नहीं है। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और आम जनता व व्यापारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और आम जनता व व्यापारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत पहले पूरे देश में यूपीआई का प्रमोट किया गया, जब लोग ऑनलाइन ट्रांसफर के आदी हो गए हैं।

भिलाई, रिसाली और चरोदा निगम में आरक्षण के बाद 90 से ज्यादा पार्षद हैं प्रभावित

निगमों के आरक्षण से प्रभावित दिग्गज पार्षद जुटे जमीन तलाशने, करीबी वार्ड के लिए बना रहे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिग्गज पार्षदों के वार्ड आरक्षण की चपेट में हैं। भिलाई, रिसाली और चरोदा निगम के 90 से ज्यादा वर्तमान पार्षद इस आरक्षण के चलते होने वाले चुनाव उस वार्ड से नहीं लड़ पाएंगे। इनमें ज्यादातर भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज पार्षद हैं। निगम के सदन में ही नहीं बल्कि शहरी की राजनीति में इन पार्षदों की गहरी पैठ है। इसलिए पार्टी में ऐसे पार्षदों को दरकिनार नहीं कर सकती। तीनों निगमों के लिए भाजपा और कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारी में लग गई है और टिकट वितरण के पहले चुनावी संयोजक और सहसंयोजक भी नियुक्त कर चुकी है। ये वार्डों में पार्षद पद की दावेदारी करने वालों की मतदाताओं के बीच कितनी पकड़ हैं और कार्यकर्ताओं की मंशा जानेंगे और समझेंगे। उसके बाद हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

भिलाई निगम

सबसे ज्यादा वार्ड 50 में घमासान

भिलाई निगम में सबसे ज्यादा घमासान के हालात वार्ड क्रमांक 50 में हैं। इसलिए कि वार्ड अनारक्षित हैं। इसी से लगे वार्ड 44 ओबीसी हो गया है। यहां के वर्तमान पार्षद व उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह हैं। इसी से लगे वार्ड 42 हैं यहां भी भाजपा के पार्षद विनोद सिंह हैं और उनका वार्ड भी ओबीसी यानी आरक्षित हो गया है। वार्ड 45 से भाजपा के ही पार्षद हैं। वे पांच बार के पार्षद रहे हैं। सभापति भी रहे और उनकी पत्नी भी पार्षद रही हैं। इस तरह एक वार्ड में भाजपा के दिग्गज पार्षदों को अपनी जमीन तलाशनी पड़ेगी।

कांग्रेस के इन दिग्गज पार्षदों को है नई जमीन की तलाश

भिलाई निगम में कांग्रेस की शहर सरकार है। आरक्षण की आग कई दिग्गज कांग्रेसी पार्षदों तक पहुंची है। निगम सभापति गिरवर बंटी साहू का वार्ड 12 सामान्य महिला हो गया है। इसलिए बंटी साहू वार्ड 13 में शिफ्ट हो सकते हैं। स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू वार्ड 66 के पार्षद हैं। वे वार्ड 67 से दावेदारी करेंगे। एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी वार्ड 17 के पार्षद हैं। यह वार्ड आरक्षित होने के बाद निरंकारी दीगर वार्ड से दावेदारी कर सकते हैं। कांग्रेसी महिला पार्षद नेहा साहू का वार्ड भी आरक्षित हो गया है इसलिए उनकी दावेदारी भी बदल सकती है। वार्ड 37 के पार्षद मन्नान गफ्फार खान हैं वे पांच बार के पार्षद हैं । उनकी पत्नी भी पूर्व पार्षद रही है। ओबीसी वार्ड आरक्षित होने के बाद उनकी दावेदारी भी बदलेगी। एमआईसी मेंबर चंद्रशेखर गंवई वार्ड 10 आरक्षित हो गया है। वे वार्ड 9 में शिफ्ट हो सकते हैं। पार्षद भूपेंद्र यादव और शुभम झा के वार्ड भी आरक्षित हो गया है। वार्ड 48 सामान्य महिला हो गया है यहां से वर्तमान पार्षद शुभम झा प्रभावित हैं।

भाजपा के ये पार्षद भी दूसरे वार्डों में जुटे

भाजपा के भिलाई जिलाध्यक्ष रहे व वर्तमान पार्षद महेश वर्मा का वार्ड 11 आरक्षित सामान्य महिला हो गया है। इसलिए वार्ड 13 से दावेदारी कर सकते हैं। भाजपा पार्षद वार्ड 15 के संतोष मौर्या वरिष्ठ पार्षद हैं। यह वार्ड सामान्य महिला हो गया है। इसलिए वार्ड 14 या 19 में दावेदारी कर सकते हैं। वार्ड 38 ओबीसी महिला आरक्षित हो गया है। यहां के दिग्गज पार्षद पीयूष मिश्रा आरक्षण से प्रभावित हैं। मिश्रा वार्ड 25 से चुनाव लड़ सकते हैं।

भिलाई तीन-चरोदा में कई दिग्गजों को तलाशना होगा नया ठिकाना

भिलाई तीन-चरोदा में नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डों के आरक्षण में बदलाव के बाद भाजपा और कांग्रेस के कई मौजूदा पार्षदों के राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। कई वार्ड महिला आरक्षित होने से वर्तमान पार्षदों की दावेदारी प्रभावित हुई है, जबकि कुछ नेताओं के सामने अब दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ने का विकल्प नजर आ रहा है। भाजपा में कई पार्षदों के सामने बदली परिस्थितियां- वार्ड क्रमांक 17 शांति नगर के पांच बार के भाजपा पार्षद फिरोज फारूकी का वार्ड इस बार ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। ऐसे में उनके लिए वार्ड 17 से चुनाव लड़ने का रास्ता बंद हो गया है। अब उनकी नजर अपने निवास क्षेत्र वाले वार्ड क्रमांक 16 बाजार चौक पर है। फारूकी इससे पहले बाजार वार्ड से भी पार्षद रह चुके हैं। वार्ड क्रमांक 24 के अनारक्षित महिला होने से भाजपा पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा की चुनावी स्थिति भी बदल गई है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 10 शांति पारा ओबीसी महिला होने से भाजपा नेता गुरुचरण सिंह की दावेदारी प्रभावित हुई है। वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर पश्चिम के ओबीसी मुक्त होने के कारण भाजपा की अपर्णा दासगुप्ता की दावेदारी भी बदल गई है। वहीं उप नेता प्रतिपक्ष और डबरा पारा से दो बार के भाजपा पार्षद तुलसी ध्रुव का वार्ड इस बार एसटी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। इससे उनके सामने भी नए वार्ड की तलाश की स्थिति बन गई है।

कांग्रेस में भी कई चेहरों के सामने चुनौती

एमआईसी सदस्य एस. वेंकट रमना का वार्ड क्रमांक 25 पंचशील नगर पूर्व अनारक्षित महिला हो गया है। इससे उनकी मौजूदा वार्ड से चुनावी दावेदारी प्रभावित हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद संतोष तिवारी का वार्ड क्रमांक 7 विश्व बैंक कॉलोनी ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हुआ है। अब उनके निवास क्षेत्र वाले वार्ड क्रमांक 11 बिजली नगर पर नजर बताई जा रही है। कांग्रेस पार्षद टेनेंद्र ठाकरे का वार्ड क्रमांक 23 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अनारक्षित महिला होने से उनकी मौजूदा वार्ड से दावेदारी समाप्त हो गई है। निर्दलीय चुनाव जीतकर एमआईसी सदस्य बने मनोज कुमार का वार्ड क्रमांक 5 दादर पथर्रा एससी महिला हो गया है। इससे उनके सामने भी नया वार्ड तलाशने की स्थिति है।

कुछ नेताओं के लिए बदला समीकरण- एमआईसी सदस्य दीप्ति वर्मा का वार्ड क्रमांक 6 उमदा पहले सामान्य महिला था, जो अब अनारक्षित हो गया है। ऐसे में उनके पति और पूर्व पार्षद आशीष वर्मा के कांग्रेस से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा है। वहीं एमआईसी सदस्य देव कुमारी भलावी का वार्ड क्रमांक 14 नेहरू नगर एसटी मुक्त हो गया है। इससे उनकी दावेदारी फिलहाल बरकरार दिखाई दे रही है। हालांकि यदि पार्टी इस वार्ड से पुरुष प्रत्याशी को उतारने का फैसला करती है तो टिकट का समीकरण बदल सकता है।

रिसाली निगम

रिसाली निगम के 40 वार्ड हैं। इस निगम में भी शहर सरकार कांग्रेस की है। भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज पार्षद आरक्षण की चपेट में हैं और दीगर वार्डों में पार्टी उन्हे मौका दे सकती है। मौजूदा सभापति केशव बंछोर का वार्ड 11 आरक्षित हो गया है। वे वार्ड 1 तालपुरी से दावेदारी कर सकते हैं। एमआईसी मेंबर सनीर साहू का वार्ड 12 महिला आरक्षित हो गया है। साहू दूसरे वार्ड से दावेदारी कर सकते हैं या अपनी पत्नी के लिए टिकट मांग सकते हैं। वार्ड 32 पूर्व एमआईसी मेंबर व तीन बार के पार्षद गोविंद चतुर्वेदी वार्ड 19 से दावेदारी कर सकते हैं। पूर्व एमआइसी मेंबर सोनिया देवांगन वार्ड 20 स्टेशन मरोदा में शिफ्ट हो सकती हैं। वार्ड 18 के कांग्रेसी पार्षद रेखा देवी वार्ड 16 में दावेदारी ठोंक सकती हैं। भाजपा के दिग्गज पार्षद धमेंद्र भगत का वार्ड आरक्षित हो गया है। इसलिए वे वार्ड 24 आजाद मार्केट रिसाली से दावेदारी कर सकते हैं। इन पार्षदों के अलावा अनूप डे, संजू नेताम,विनय नेताम, चंद्रभान सिंह ठाकुर सहित कई पार्षदों का वार्ड भी प्रभावित हुआ है लेकिन वे इसलिए खामोश हैं कि अभी से कहीं दावेदारी वार्ड में विरोध शुरू हो न जाएं।

उद्यानिकी कॉलेज का औचक निरीक्षण, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं परीक्षा प्रणाली पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी सिद्धार्थ कोमल एवं संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी लोकेश कुमार ने महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति रवि रत्न सक्सेना ने कृषि उत्पादन आयुक्त के समक्ष विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों तथा प्रमुख उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की प्रसार गतिविधियों के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों एवं उल्लेखनीय कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं संचालक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न प्रसार उत्पादों एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई विभिन्न अध्ययन सामग्रियों का अवलोकन तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रसारित जर्नल का विमोचन कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय के करकमलों से किया गया। निरीक्षण के

- **कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी सिद्धार्थ कोमल और प्रक्षेत्र वानिकी संचालक लोकेश कुमार ने देखी प्रदर्शनी**

दौरान विश्वविद्यालय में सीमित संसाधनों में किये गये उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने विश्वविद्यालय की निर्मित एवं निर्माणाधीन अधोसंरचनाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासनिक भवनों, छात्रावासों, महाविद्यालयीन सुविधाओं एवं इनडोर स्टेडियम सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षक, भौतिक संयंत्र को भवन निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्य संपादित कराने के लिए निर्देशित किया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास तथा प्रभावी परीक्षा प्रणाली को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। आयुक्त ने छत्तीसगढ़ को पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में अनुसंधान गतिविधियों को और अत्यधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने विभिन्न पुष्पवर्गीय फसलों की उन्नत एवं संभावनाशील किस्मों का परीक्षण कर किसानों के खेतों में प्रदर्शन आयोजित करने पर जोर दिया, ताकि राज्य की जलवायु एवं कृषिगत परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त किस्मों की पहचान की जा सके।

शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल, स्ट्रीट लाइटें बंद, सड़क पर घूम रहे मवेशी, की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कांग्रेसी पार्षदों ने आयुक्त लीना कोसम से मुलाकात की। इस दौरान शहर में व्याप्त समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया गया। पूर्व महापौर और कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले के नेतृत्व में पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ता निगम पहुंचे। उन्होंने जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। बाकलीवाल ने आयुक्त को अवगत कराया कि नगर निगम की लचर कार्यप्रणाली के कारण स्थिति यह हो गई है कि विपक्षी पार्षदों के अलावा सत्ता पक्ष के पार्षद भी अपने वार्ड से बाहर नहीं जा पा रहे हैं और निगम की

कार्यप्रणाली से बहुत परेशान हैं। शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। शहर की लचर एवं अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। कचरा निष्पादन एवं साफ-सफाई व्यवस्था नियमित की जाए। बार-बार हो रहे जल संकट का स्थायी समाधान कर नियमित पेयजल आपूर्ति की जाए। सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उचित प्रबंधन किया जाए। साथ ही चंडी मंदिर से उरला, गया नगर, रामनगर होते हुए राम मैरिज गार्डन तक 8 किमी की जर्जर सड़क के तत्काल नवनिर्माण की मांग भी की गई, जिसकी प्रतिलिपि जिलाधीश एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता को भी दी गई। आयुक्त ने सभी समस्याओं पर 7 दिवस के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया। यदि निराकरण नहीं हुआ तो शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उप नेता

- **शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले आयुक्त से शिकायत, 7 दिनों में निराकरण का आश्वासन**

प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, संगठन प्रभारी महामंत्री रायसिंह ढिकोला, पार्षद संगीता सोनी, पार्षद दीपक साहू, पार्षद हामिद खोखर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद कपूर ताम्रकार, गुरदीप सिंह भाटिया, सुनीत घोष, देव सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

पीएससी अभ्यर्थियों की शिकायतों का पारदर्शी तरीके से हो समाधान : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए मूल्यांकन संबंधी गंभीर सवालों एवं अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संयुक्त रूप से कहा कि पीएससी की परीक्षा प्रदेश के हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अभ्यर्थी वर्षों तक मेहनत और तैयारी करने के बाद परीक्षा में शामिल होते हैं। ऐसे में उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और साक्षात्कार के लिए चयन प्रक्रिया पर

यदि अभ्यर्थियों की ओर से सवाल उठते हैं, तो उन शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका पारदर्शी निराकरण करना आयोग एवं सरकार की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों एवं अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए सवालों के अनुसार 2025 में पीएससी द्वारा 265 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई है। मुख्य परीक्षा के बाद नियम के अनुसार पदों के तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना चाहिए, लेकिन 608 अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। इससे चयन प्रक्रिया और निर्धारित अनुपात को लेकर अभ्यर्थियों के बीच असमंजस एवं सवाल पैदा हुए हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए मॉडल उत्तर, मूल्यांकन के मानदंड तथा अभ्यर्थियों की आपत्तियों का उचित परीक्षण किया जाना चाहिए। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि जब भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता पर ही सवाल उठ रहे हों, तब पहले उन सवालों का समाधान होना चाहिए और उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो।

सौर ऊर्जा क्षेत्र के उद्यमियों ने किया एक्सपोजर विजिट

सौर ऊर्जा आने वाला कल, इसलिए इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमियों को सौर ऊर्जा क्षेत्र की आधुनिक तकनीकों, सोलर पैनल निर्माण प्रक्रिया एवं उद्योग की व्यवहारिक कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से आईकॉन सोलर एवं पावर टेक्नोलॉली में दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई सहित विभिन्न स्थानों से सौर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने सहभागिता दी।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सौर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा की उपयोगिता, सोलर पीवी सिस्टम, सोलर सेल एवं मॉडयूल, रूफटॉप सोलर सिस्टम, सोलर पैनल निर्माण तथा सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार एवं व्यवसाय की संभावनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। ऑईकॉन सोलर की ओर से एचआर निधि साहू ने सौर ऊर्जा एवं इसके

अनुप्रयोगो की प्रारंभिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके बाद प्लांट मैनेजर अमितेश पटेल ने प्रतिभागियों को सोलर पैनल निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं, सेल इंटरकनेक्शन, स्ट्रिंगिंग, टैबिंग, मॉड्यूल असेंबली, लेमिनेशन, फ्रेमिंग, जंक्शन बॉक्स, विद्युत परीक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण की व्यावहारिक जानकारी दी। प्रतिभागियों को सौर मॉड्यूल की गुणवत्ता जांच, सुरक्षा मानकों, सोलर पावर प्लांट स्थापना,

संचालन एवं रखरखाव तथा सौर ऊर्जा क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

इस दौरान जॉनसन ने भी और ऊर्जा उद्योग से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य उद्यमियों को उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से जोड़ना, तकनीकी समझ विकसित करना तथा सौर ऊर्जा क्षेत्र में नए व्यवसाय एवं विस्तार की संभावनाओं से अवगत कराना था। प्रतिभागियों ने औद्योगिक भ्रमण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे उन्हे सौर ऊर्जा उद्योग को करीब से समझने और अपने व्यवसाय में नई संभावनाओं पर कार्य करने का अवसर मिला। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सौर ऊर्जा के सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष औद्योगिक अनुभव प्रदान किया गया और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाओं को समझने में मदद की। इस अवसर पर प्रकाश टेक, देविका बघेल, हर्षिता, संजना सोलार, हरपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEARS Legacy in Education

प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

लॉ (कानून)- लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉं 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉं उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है

पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन

विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IFS, IRS, IES, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

Paramedical Courses (1Year)

- Panchakarma Therapist
- Ayurvedic Pharmacist

Eligibility: 12th Pass (Biology) with Minimum 50% Marks

Afft. to Ayush University, Raipur

- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur

- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता

मेरिट के आधार पर प्रवेश परीक्षा हेतु तृतीय आवेदन की अंतिम तिथि : 19.09.2026

Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

Engineering
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

Public Health
- MPH (Master of Public Health)

Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

Science
- B.Sc. (Hons)/ M.Sc.
  - Forensic Science
  - Chemistry
  - Maths
  - Computer Sceince
  - Physics
  - Zoology
  - Animation & Visual Effects
  - Botony
  - Microbiology
  - Biotechnology
  - Home Science
  - IT

Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
  - Hospital Mgt.
  - Financial Mgt
  - Marketing Mgt.
  - Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A.
  - Psychology
  - English
  - Sociology
  - Yoga
  - Hindi
  - Sanskrit
  - Economics
  - History
  - Geography
  - Political Science
- B.Com.(Hons)
- M.Com.
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

Ph.D. Available in all Major Subject

- प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2026

Website : www.bhartiuniversity.org

फॉरेंसिक साइंस- भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...

''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

TOP RECRUITERS

WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED

6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन
- फिटर

} 2 वर्ष
- कोपा
- स्टेनो (हिन्दी)

} 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

डिप्लोमा इंजीनियर्स ने किया रक्तदान, रचा सेवा, सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय

भिलाई। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा इंजीनियर दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सेवा, सुरक्षा, सम्मान और डिप्लोमा इंजीनियर्स के विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के पहले दिन रक्तदान शिविर के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया, वहीं दूसरे दिन प्रगति भवन सिविक सेंटर में आयोजित डिप्लोमा इंजीनियर्स कॉन्क्लेव 2026 में डिप्लोमा इंजीनियर्स से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों और मांगों पर चर्चा हुई। पहले दिन जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. उदय कुमार उपस्थित रहे। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारी पवन कुमार तथा शेख जाकिर शामिल हुए। कार्यक्रम में नरेंद्र बंछोर, अंकुर मिश्रा, परविंदर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा डिप्लोमा इंजीनियर्स की प्रमुख अपेक्षाओं से अतिथियों को अवगत करवाया। महासचिव मोहम्मद रफी ने उपस्थित सभी डिप्लोमा इंजीनियर्स को सुरक्षा शपथ दिलाई।

लाइव इवेंट

दिव्यांगजनों को मिलेंगे कृत्रिम अंग, शिविर में 73 ने कराया पंजीयन

दुर्ग। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के सहयोग से एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रशासनिक नियंत्रण मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व एवं इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व योजनान्तर्गत एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम रायपुर द्वारा दुर्ग जिले के दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय हेतु दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु मूल्यांकन, परीक्षण, चिन्हांकन शिविर का आयोजन भिलाई-चरोदा, पाटन के सामुदायिक देवांगन भवन, पन्दर रोड में किया गया। उप संचालक समाज कल्याण दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित शिविर में कुल 73 दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनों का पंजीयन किया गया। जिसमें से दिव्यांगजनों हेतु विभिन्न सामाग्री जैसे-मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, बैसाखी, व्हील चेयर, तथा वरिष्ठजनों हेतु श्रवण यंत्र, कमोड चेयर आदि उपकरणों को सहित कुल-74 सामाग्रियों के लिए चिन्हांकित किया गया। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मान. श्री राजेश चंद्राकर, श्री कमलेश वर्मा, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पाटन तथा श्री जन्त राम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पुराने पुलिस ग्राउंड में 1.25 लाख दीपों का प्रकाश, सांसद हुए शामिल

दीपों से रौशन हुई ट्विनसिटी, पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिले में जले 6.25 लाख दीए, आतिशबाजी के बीच दुर्ग शहर में जले आशीर्वाद के सवा लाख दीए

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान की गुरुवार को शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से इस अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत हर घर में एक दीप जले, विकास के नाम का संदेश देते हुए जिले में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय के पुरानी पुलिस लाइन में करीब सवा लाख दीप जलाए गए। दीपों से भारत का नक्शा बनाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर अल्का बाघमार सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

दुर्ग। जानकारी के मुताबिक पूरे जिले में अलग-अलग जगहों पर आशीर्वाद का दीया जलाया गया। दावा किया गया कि करीब सवा लाख दीए जलाए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज शाम 6 बजे रक्षित आरक्षी पुलिस केंद्र मैदान पुरानी पुलिस लाइन में हुआ। इस अवसर पर उक्त स्थल पर 1.25 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। इसी कड़ी में जिले की चयनित 30 ग्राम पंचायतों में 30 हजार दीये, नगर निगम दुर्ग द्वारा 30 हजार दीये, नगर निगम भिलाई चरोदा द्वारा 5 हजार दीये, नगर निगम भिलाई द्वारा एक लाख 25 हजार दीये, नगर निगम रिसाली द्वारा 51 हजार आशीर्वाद के दिये प्रज्जवलित किये गए। इसी प्रकार विकासखंड दुर्ग की ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर में अनुमानित 75 हजार दीये, विकासखंड धमधा में प्रत्येक घर में अनुमानित एक लाख 20 हजार दीये तथा विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रत्येक घर अनुमानित एक लाख 10 हजार आशीर्वाद के दीये जलाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित परिवार भी अपने नए घरों में दीप जलाकर इस अभियान में सहभागिता दी।

भिलाई नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष दाय सिंह ने खुर्सीपार वार्ड-44 में भाजपा नेत्रियों व वार्डवासियों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के विकास के प्रति कार्य को याद कर बड़ी संख्या में दीए जलाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यों के चलते देश विकसित भारत बनने जा रहा है।

देश को नई दिशा दे रही पीएम नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान को स्मरण करते हुए विजय बघेल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सवा लाख दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाई-बहन, युवा साथी और नागरिक एक साथ एकत्रित हुए तथा प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर सांसद बघेल ने पूरे प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए देश की प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी निरंतर सेवा और समर्पण की भावना के साथ देश को नई दिशा देने और विकास की गति को आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं।

51 हजार दीपों से जगमगाया हिंदी भवन और डाटा

दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ दुर्ग शहर क्षेत्र में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर निगम मुख्यालय, अटल परिसर, हिंदी भवन एवं डाटा सेंटर सहित नगर निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में 51 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे शहर को रोशन किया गया। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रति व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। डाटा सेंटर में सभापति श्याम शर्मा, हिंदी भवन में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर तथा अटल परिसर में लीलाधर पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सेवा यात्रा केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं है, बल्कि यह करोड़ों देशवासियों के विश्वास, परिश्रम और आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाली यात्रा है। उनकी सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी प्रयासों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा का लाभ पहुंचाना है।

भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा की प्रतिष्ठानों में काम रहा बंद, आज विसर्जन

भगवान विश्वकर्मा की जगह-जगह निकली शोभायात्रा प्रतिमा स्थापित कर उड़ाए रंग-गुलाल, आज होगा विसर्जन

भिलाई। निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गुरुवार को ट्विनसिटी समेत जिलेभर में प्रतिमा स्थापना और पूजा हुई। सेल-बीएसपी के विभिन्न विभागों में उत्साह और धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा की गई। इसके अलावा रेलवे, बिजली दफ्तर, निगम, पालिका, लोक निर्माण विभाग, आरईएस, पीएचई, सिंचाई विभाग सहित अन्य जगहों पर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। सुबह इस्पात भवन कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा करने के बाद एचआरडी, एक्सपांशन बिल्डिंग सभागार-3, बीआरएम, यूआआरएम सहित सभी विभागों में पूजा की। उन्होंने कर्मियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और श्रेष्ठ कार्य करने का आग्रह किया। आयोजनों में सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन, देवेंद्र यादव सहित अन्य शामिल हुए। बीएसपी के रेल मिल समेत अन्य विभागों में विश्वकर्मा की पूजा की गई। इस अवसर पर समितियों ने जगह-जगह भंडारा कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। शहर सहित जिले में विभिन्न फैक्ट्रियों, प्रतिष्ठानों में मशीनरी और विश्वकर्मा समाज ने घरों में पूजा की। हवन किया गया। जगह-जगह भंडारा चलता रहा। इस दौरान कई जगहों पर प्रतिष्ठानों में आमदिनों के काम नहीं हुए। भगवान विश्वकर्मा की विराजित प्रतिमाओं को विसर्जन आज किया जाएगा। बीएसपी में 100 से ज्यादा जगहों पर पूजन अनुष्ठान किए गए। इसी प्रकार के

भिलाई निगम वाहन शाखा में पूजा-अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर

भिलाई। शासन के निर्देशानुसार आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम भिलाई की वाहन शाखा परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त सुरूचि सिंह, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर, निगम आयुक्त एवं सभापति सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर शहर की सुख-समृद्धि तथा निगम परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। साथ ही निगम के वाहनों एवं विभिन्न मशीनरी के सुचारू, सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन के

लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में निगम के वाहन शाखा से जुड़े कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

बीएसपी में विश्वकर्मा पूजा की धूम, डीआईसी ने दी कार्मिकों को बधाई

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में सृजन के देव विश्मकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई । भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर विश्वकर्मा पूजा में सम्मिलित हुए। उनके साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीन निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, राकेश कुमार तथा क अरुण कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री चित्त महापात्र ने निदेशक प्रभारी सचिवालय, सी एंड आईटी विभाग में विश्वकर्मा पूजा में भाग लेकर एचआरडी, परियोजना, वित्त, एसईडी, सामग्री प्रबंधन, एमआरडी, प्लेट मिल, एसएमएस-2, आरईडी व एलडीसीपी, इलेक्ट्रिकल, ओएचपी तथा सिंटर प्लांट-3 विभागों में जाकर पूजा-अर्चना की व सयंत्र बिरादरी को बधाई दी। बाद उन्होंने कार्यपालक निदेशकों व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ श्री महापात्र ने यूआरएम, आरएसएम, एमडब्ल्यूआरएम, बीआरएम, सर्विसेज, मैकेनिकल एंड शॉप्स, आरसीएल, एसएमएस-3, पीएनबीएस, पर्यावरण प्रबंधन व आई एंड ए, ब्लास्ट फर्नेस, उपयोगिताएँ, कोक ओवन तथा फायर ब्रिगेड विभाग के पूजा में शामिल हुए।

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निगम में पूजा-अर्चना निगम में विराजे कर्म के देवता विश्वकर्मा

दुर्ग। निगम में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। निगम मुख्यालय स्थित कर्मशाला विभाग सहित वाहन शाखा, 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट एवं जलकार्य विभाग स्थित हिंदी भवन विद्युत विभाग में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। नगर निगम मुख्यालय के कर्मशाला भवन में आयोजित मुख्य पूजा-अर्चना में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त लीना कोसम, सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर सहित पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम एवं शहर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्री विश्वकर्मा शिल्प, निर्माण एवं सृजन के देवता हैं। इसी कारण कामगार, कारीगर, तकनीकी कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े श्रमिक श्रद्धाभाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद कर्म और सृजन के क्षेत्र में नई ऊर्जा प्रदान करता है। महापौर एवं सभापति ने इस अवसर पर समस्त शहरवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सिटी इवेंट

शिवनाथ नदी से जल लेकर छातागढ़ में चढ़ाया भोले बाबा को

दुर्ग। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारिवारिक कांवरिया संघ द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले शिवनाथ नदी से जल लेकर प्राचीन मंदिर छातागढ़ के भोलेनाथ मंदिर में जल चढ़ाया गया। इन कांवरियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। बजरंग चौक में पूर्व पार्षद राजकुमार वर्मा ने मोहल्लेवासियों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर बिंदिया, रानी, नताशा, सीमा, नीतू, मीना राजपूत, उमा, दीप्ति, मंदाकिनी, शांती, रीना, गोपाल, राजू यादव, राजू सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

धर्म लाइव

भगवान को प्रसन्न करने से पहले लोगों को दुखी करना बंद करें

भिलाई। धर्म केवल पूजा-पाठ, मंदिर और धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक स्वरूप हमारे व्यवहार में दिखाई देना चाहिए। यदि हमारी वजह से किसी के चेहरे पर मुस्कान आती है, दुखी व्यक्ति को सहारा मिलता है और समाज में प्रेम-सद्भाव बढ़ता है, तो यही धर्म की सार्थकता है। यह विचार वेद प्रचार सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने व्यक्त किए। आर्य समाज नेहरू नगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहारनपुर से आए अमरेश आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। तबला वादन सुभाष आर्य ने किया। आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कराया। परमवीर भल्ला एवं रीता भल्ला यजमान रहे। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि मुस्कुराना भी धार्मिक होना है। जीवन ऐसा हो कि हमारी वजह से कोई व्यक्ति दुखी न हो। इसके लिए छल-कपट, ईर्ष्या-द्वेष, निंदा और चुगली से दूर रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज हम भगवान को प्रसन्न करने के लिए अनेक उपाय करते हैं, लेकिन अपने व्यवहार से परिवार और समाज के लोगों को परेशान कर देते हैं। धर्म की शुरुआत वहीं से होती है, जहां हमारा व्यवहार दूसरों के लिए सुखद बनता है। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक संदेशों को तेजी से आगे बढ़ाते हैं, लेकिन घर में दुखी व्यक्ति से दो मिनट प्रेम से बात करने का समय नहीं निकाल पाते। धर्म को संदेशों में नहीं, व्यवहार में उतारने की जरूरत है। सत्संग का लाभ तभी है, जब लौटने के बाद क्रोध, निंदा, ईर्ष्या और विवाद कम हों और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुराण ने अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। परमवीर भल्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को वैदिक संस्कारों और जीवन-मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

समाज इवेंट

धूमधाम से मनाई गई नुआखाई

भिलाई। उड़िया समाज कल्याण समिति दुर्ग-भिलाई द्वारा नुआखाई पर्व धूमधाम से मनाया गया। उड़िया समाज कल्याण समिति की की ओर से 150 से अधिक घरों में धान, चूड़ा, नारियल, अगरबत्ती, मूंग एवं कुरे पत्ता का वितरण किया गया। नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एकता, भाईचारे, परंपरा और आपसी सहयोग का प्रतीक है। सभी मिलकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

सिटी इवेंट

श्यामा श्याम धाम में कल को मनाया जाएगा श्री राधा प्रकट्य महोत्सव

भिलाई। नेवई भाठा स्थित लोक नगर उमरपोटी के श्यामा श्याम धाम मंदिर में 19 सितंबर को राधा प्रकट्य महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन समिति और श्रद्धालु पिछले कई दिनों से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे होगी और दोपहर 1 बजे तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के सत्संगियों द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। भक्ति रस से सराबोर इन प्रस्तुतियों में राधा-कृष्ण की महिमा का गुणगान किया जाएगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। दोपहर 12 बजे के बाद श्री राधारानी के प्रकट्य उत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान विधि-विधान से राधारानी का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद जन्मोत्सव की परंपरा के अनुसार केक काटकर उत्सव मनाया जाएगा तथा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु भी इस विशेष अवसर पर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि जिस प्रकार श्यामा श्याम धाम में हर वर्ष भगवान श्रीकृष्ण के प्रकट्य उत्सव की तैयारियां काफी पहले से शुरू कर दी जाती हैं और भव्य आयोजन किया जाता है।

मराठी समुदाय की तीजा भोजली और शिव-पार्वती के फुलेरा का हुआ विसर्जन

भोजली माता की पूजा कर महिलाओं ने मांगी सुख-समृद्धि पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली की कामना

भिलाई। तीजा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में निभाई जाने वाली लोकपरंपराओं में भोजली का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को मराठी समुदाय की महिलाएं भी अपनी विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक रीति के साथ निभाती हैं। हरितालिका तीज के दिन सुहागिनों, नवविवाहिताओं और किशोरियों द्वारा दिन-रात उपवास रखकर शिव-पार्वती की आराधना की जाती है।

रातभर फूलों से सजाए गए फुलेरा के बीच भक्ति गीतों के साथ जागरण किया जाता है। तीजा के दूसरे दिन भोजली और शिव-पार्वती के फुलेरा का नदी अथवा तालाब में विधि-विधान से विसर्जन किया गया। लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने मराठी समुदाय की तीजहारिनों पुष्पा निर्मलकर, पूनम विश्वकर्मा, विजयलक्ष्मी विश्वकर्मा, सोनाली ठाकुर, उर्मिला साहू, रुचि ध्रुव, पुष्पा भोंसले, सुनीता रगड़े, रेशमा, ममता साहू, प्रीति पाल, गायत्री पाल, कविता सोमेवार, शारदा भारती, नारायणी साहू, संगीता नवघरे, सरस्वती बहरकर, मनीषा और मंजू सहित अन्य महिलाओं से संवाद के आधार पर इस परंपरा की जानकारी साझा की।

पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही परंपरा

भोजली केवल पूजा-अनुष्ठान नहीं, बल्कि कृषि, प्रकृति, दांपत्य जीवन और पारिवारिक खुशहाली को जोड़ने वाली लोकपरंपरा है। मराठी समुदाय की महिलाएं इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ आज भी जीवंत रखे हुए हैं। यह लोक अनुष्ठान नई पीढ़ी तक भी परंपरा के रूप में हस्तांतरित हो रहा है। बदलते समय में भी महिलाओं और किशोरियों का उत्साह इस बात का सुखद संकेत है कि लोक संस्कृति की यह विरासत आने वाली पीढ़ियों तक पहुंच रही है।

रेत से बनता है शिवलिंग, हल्दी से पार्वती

इस परंपरा की खास बात यह है कि भोजली के बीच नदी से उसी दिन लाई गई रेत से शिवलिंग बनाया जाता है। हल्दी से माता पार्वती की प्रतिमा तैयार कर शिव-पार्वती की पूजा की जाती है। सुहाग और दांपत्य जीवन से जुड़ी हल्दी का इस अनुष्ठान में विशेष महत्व माना जाता है। महिलाएं रातभर फुलेरा सजाकर शिव-पार्वती की आराधना करती हैं और सेवा गीत गाती हैं।

बीजों से बोई जाती है भोजली माता

छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में भोजली बोने की परंपरा कृषि और खुशहाली से जुड़ी मानी जाती है। इसे मूल रूप से बीजांकुरण का लोक अनुष्ठानिक पर्व माना जाता है। मराठी समुदाय में भी भोजली को माता का स्वरूप मानकर गेहूं, जौ, चना, मसूर, मूंग, सरसों, उड़द, लाख और लाखड़ी सहित विभिन्न बीजों को दोहरी पर्री में बोया जाता है। मान्यता है कि जिस घर की भोजली जितनी अच्छी और हरी-भरी लहलहाती है, उस घर में उतनी ही अधिक सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

सात बार स्नान के बाद विसर्जन : तीजा के दूसरे दिन महिलाएं परिवार के साथ नदी या तालाब पहुंचती हैं। यहां भोजली माता और शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करने के बाद उन्हें जलदेवी में सात बार स्नान कराया जाता है। इसके बाद परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली, वंश वृद्धि और पति के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए श्रद्धा के साथ विसर्जन किया जाता है।भोजली विसर्जन के बाद महिलाएं इसकी कुछ पत्तियां एक-दूसरे के कान पर खोंसती हैं और बड़ों से आशीर्वाद लेती हैं। भोजली की पत्तियां देवी-देवताओं को अर्पित करने के साथ घर के पूजा कक्ष में भी रखी जाती हैं। इसके पीछे परिवार की समृद्धि और जीवन में खुशहाली की कामना जुड़ी होती है।

जागरुकता...

250 से ज्यादा छात्राओं को पढ़ाया साइबर फ्रॉड से बचने का पाठ

भिलाई। यातायात पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा समाज में सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय स्कूल कैंप-1 में साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, बालिका सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषयों पर सामाजिक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान से जुड़े संतोष मिश्रा भी शामिल हुए।

संतोष मिश्रा ने साइकिलिंग की शुरुआत 15 अगस्त 2001 से अपने गृह जिला भद्रक उड़ीसा से की। वे भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। इस दौरान लोगों को रोड सेफ्टी के लिए जागरूक करने का काम उनके द्वारा किया जा रहा है। उनके द्वारा जानकारी दी जा रही है कि दुर्घटना क्या है, कैसे होती है। इस संबंध में बच्चों को अपना अनुभव अलग-अलग जिलों में जाकर शेयर करते आ रहे हैं। पूर्व में छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, बालोद में भी अपना अनुभव स्कूली बच्चों को शेयर कर जागरूक किया है।

उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने तथा अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद सत्या देवी जायसवाल उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, आम नागरिकों सहित लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी।

नशे की हालत में वाहन चलाना कितना खतरनाक इसे भी बताया

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल ने साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिकों एवं विद्यार्थियों का जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल शिकायत करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन जीने का संदेश ,यातायात जागरूकता एवं बालिका सुरक्षा पर उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल अपने परिजनों, शिक्षकों अथवा पुलिस से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि कार्यालय में गणेशोत्सव की आरती में शामिल हुए अतिथि

भिलाई। गणेश चतुर्थी के चौथे दिन गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान श्री गणेश की आरती का आयोजन किया गया। शाम को और आयोजित आरती में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों तथा हरिभूमि अखबार के स्टाफ ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा कार्यालय परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। हरिभूमि कार्यालय में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की सामूहिक आरती की। आरती के दौरान उपस्थित लोगों ने सुख-समृद्धि, शांति और सभी के मंगल की कामना की।

शाम की आरती में हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के संचालक बृजमोहन उपाध्याय, अतिथि के रूप में शामिल हुए।

जेसीआई के जेमफेस्ट में भक्ती संगीत के नए अंदाज ने बांधा समां

जैमफेस्ट में खेली गई फूलों की होली...गंगा आरती ने डुबोया भक्ति रस में... दीपों की जगमगाहट और नृत्य-संगीत ने इवेंट को बनाया खास

कार्नर न्यूज

भिलाई। जेसीआई के जैमफेस्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्ती संगीत के नए अंदाज ने समां बांधा। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट संतोष रानू कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए भजन जैमिंग की इस अनूठी अवधारणा को जेसीआई के मंच पर प्रस्तुत करने की पहल को रेखांकित किया। वहीं जेसी वीक डायरेक्टर गौतम श्वेता देशलहरा ने कार्यक्रम की संकल्पना एवं उद्देश्य से उपस्थित जनसमूह को परिचित कराया और युवाओं को भक्ति एवं संगीत के इस नए अंदाज से जोड़ने की पहल को सामने रखा। इस अवसर पर आईपीपी आलोक रचना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। जेसी वीक मेंटोर योगेश पदमा राठी ने अपने मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजन को बेहतर दिशा प्रदान की। वहीं वीपी इंचार्ज जेसी अमित शालिनी अग्रवाल ने कार्यक्रम के समन्वय में सक्रिय सहयोग दिया। डायरेक्टर इंचार्ज नितिन निशा अग्रवाल, आशीष रीनल तुरकिया एवं जेसी विक को डायरेक्टर ईशान वर्षा अरोरा ने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भजन जैमिंग के साथ आयोजित फूलों की होली ने कार्यक्रम में रंग और उमंग भर दी।

कार्यक्रम के समापन समारोह में विजेता किए गए सम्मानित

इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अपने तरह का खास रहा, नए-नए इवेंट कराए गए। इनोवेटिंग आइडिया को प्रोत्साहित किया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य इस दौरान मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही तय किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों ने संस्था के उद्देश्यों और आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के और भी आयोजन किए जाने के सुझाव दिए, जिसे सभी सदस्यों ने सहमति दी।

जैमिंग बैठक के लिए तैयार किया गया था मंच

भक्ति संगीत के बीच फूलों की होली का आनंद लेते हुए लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं गंगा आरती ने आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। आरती के दौरान दीपों की जगमगाहट, मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण ने ऐसा मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया कि पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। गंगा आरती का यह भव्य नजारा उपस्थित लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहा और देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत ट्विंकल पारख द्वारा कार्यक्रम परिचय एवं मंच संचालन के साथ हुई। उन्होंने पूरे आयोजन को सहज और ऊर्जावान अंदाज में आगे बढ़ाते हुए जैमिंग बैठक के लिए मंच तैयार किया। इसके बाद बैंड की प्रस्तुति के साथ संगीत और भक्ति की यह शाम अपने चरम पर पहुंच गई। आयोजन के समापन अवसर पर सेक्रेटरी जेसी तोरण अटल ने आयोजन में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना की तथा कार्यक्रम से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल पारख ने बताया कि जैम फैस्ट भजन जैमिंग का उद्देश्य भक्ति संगीत को नए और युवा अंदाज में प्रस्तुत करते हुए अधिक से अधिक लोगों को उससे जोड़ना रहा। उन्होंने कहा कि जैमिंग बैठक बैंड, फूलों की होली और भव्य गंगा आरती ने मिलकर इस आयोजन को श्रद्धा, संगीत और उत्सव से भरपूर दुर्ग भिलाई के लिए एक यादगार शाम बना दिया।

घर बैठे गालों को करना है गुलाबी तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

कुछ घरेलू नुस्खे इस्तेमाल कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं। खास बात ये है कि इन नुस्खो को ट्राई करने के लिए आपको न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही ज्यादा पैसे खर्च करने की।

चुकंदर का रस

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए चुकंदर का रस काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस निकालकर उसे अपने गालों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से गालों पर गुलाबी रंगत आ सकती है।

गुलाब जल और ग्लिसरीन

ये दोनों चीजें आपकी त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करेंगी। इसके लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर रात में सोने से पहले गालों पर लगाएं।

हवा में उड़ता जाए...

शानदार लाल रंग की गाउन पहने अफ्रीकी मूल की महिला ग्रे बैकग्राउंड पर पोज़ दे रही है। गहरे रंग की त्वचा वाली खुशमिजाज मॉडल, ग्रे बैकग्राउंड के सामने लहराते शिफॉन कपड़े के साथ बेफिक्र है। घुंघराले बालों वाली स्टाइलिश अफ्रीकी महिला, लहराते कपड़े वाले लंबे और शानदार इवनिंग गाउन में है। इस मौजूदा दौर का फैशन ट्रेंड मान सकते हैं। मॉडल की लंबी लटकने वाली इयररिंग्स का स्टाइल भी ट्रेंडिंग है। उसका लाल गाउन एक स्ट्रैपलेस, बॉडीकॉन ड्रेस है, जिसके नीचे का फ़ैब्रिक बाहर की ओर उड़ रहा है, जो हवा के चलने का आभास देता है।

कार्नर न्यूज

पिछले कुछ समय से मेकअप में काफी चलन

लैटे मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए जरूरी टिप्स को करें फॉलो







मेकअप ट्रेन्ड समय के साथ हमेशा ही बदलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से लैटे मेकअप काफी चलन में है। यह मेकअप आपको एक नेचुरल, सॉफ्ट और वार्म अपीयरेंस देता है। यह मेकअप कॉफी से इंस्पायर्ड है और इसमें ब्राउन के डिफरेंट शेड्स को शामिल किया जाता है। इन दिनों हर कोई लैटे मेकअप करना पसंद कर रहा है, लेकिन फिर भी हर कोई परफेक्ट लुक क्रिएट नहीं कर पाता है। परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ छोटे-छोटे टिप्स फॉलो करना जरूरी होता है।

स्किन क्लीनिंग है जरूरी

लैटे मेकअप में नेचुरल फिनिश लुक क्रिएट किया जाता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप मेकअप से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। लैटे मेकअप की शुरुआत करने से पहले आप एक बार अपनी स्किन को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें। स्किन को हाइड्रेट करने से मेकअप अधिक स्मूथ और फिनिश लुक देता है।

लाइट हो फाउंडेशन

चूंकि लैटे मेकअप में नेचुरल और सन किस्ड लुक क्रिएट करने की कोशिश की जाती है, इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि आप लाइट फाउंडेशन ही करें। आप बेस के लिए बीबी क्रीम या फिर स्किन टिंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फेस पर मॉइश्चराइजर लगाकर उसे लूज पाउडर से डैब कर सकती हैं।

लाइनर व कंटूरिंग को करें अवॉयड

लैटे मेकअप करने में आपको बहुत अधिक समय नहीं लगता है। जब आप लैटे मेकअप कर रही हैं तो ऐसे में आप लाइनर को अवॉयड कर सकती हैं। इसके स्थान पर आप ब्राउन शेड पेंसिल को लैशलाइन के ऊपर लगाएं और फिर उसे हल्का सा स्मज कर दें। अगर आप चाहें तो कॉफी या ब्राउन के लाइटर शेड से आईशैडो भी अप्लाई कर सकती हैं। मेकअप में आपको नेचुरल लुक मिलता है, इसलिए आपको फेस की बहुत अधिक कंटूरिंग (फेस कंटूरिंग मि स टे क स) करने की भी जरूरत नहीं है। अगर कहीं पर बहुत अधिक जरूरत हो, तभी कंटूरिंग करें।

नेचुरल आईब्रो

पिछले कुछ समय से आईब्रो में डिफाइन लुक चलन में था, जिसे आईब्रो पेंसिल की मदद से क्रिएट किया जाता था। लेकिन लैटे मेकअप में नेचुरल लुक ही रखा जाता है, इसलिए आप उसे हैवी डिफाइन लुक देने से बचें। अगर आपके आईब्रो हेयर कहीं से बेहद कम हैं तो आप उसे फिल करने के लिए ब्रो पेंसिल या पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रखें कि उसका शेड आपकी नेचुरल आईब्रो कलर के करीब हो।

ग्लोइंग त्वचा के लिए इस्तेमाल करें दूध से बनें फेस मास्क



अगर आप इंस्टेंट ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो दूध से बने फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, कच्चे दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन की समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। घरेलू फेस मास्क तैयार करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

दूध और शहद फेस मास्क

दूध से पहला फेस मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध और 1 टेबलस्पून शहद मिक्स करें। अब इन दोनों चीजों को एक साथ अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

दूध और हल्दी फेस मास्क

इस मास्क को तैयार करने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध में 1 चुटकी हल्दी मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे से लेकर गर्दन तक पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे भी आपका चेहरा खिल उठेगा।

दूध और बेसन फेस मास्क

ये मास्क बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए 2 टेबलस्पून दूध में 1 टेबलस्पून बेसन मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

दूध और आलू का रस फेस मास्क

दूध के साथ-साथ आलू के रस में भी कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक हैं। इसका मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 टेबलस्पून दूध में 2 टेबलस्पून आलू का रस मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें।

फैशन

स्मार्ट ग्रूमिंग भी बन गई है मेंस फैशन की पहचान

आज के मेंस फैशन में स्टाइलिश दिखने का मतलब सिर्फ अच्छी शर्ट, ट्रेंडी जैकेट या परफेक्ट हेयरस्टाइल तक सीमित नहीं है। क्लीन, फ्रेश और हेल्दी दिखने वाला चेहरा पूरे व्यक्तित्व को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करता है।

स्किनिमलिज्म बना नया ग्रूमिंग ट्रेंड

पुरुषों के लिए अब 8-10 स्टेप वाली जटिल स्किनकेयर रूटीन के बजाय कम और नियमित रूटीन को प्राथमिकता दी जा रही है। सुबह चेहरे को माइल्ड फेस क्लींजर से साफ करना, उसके बाद मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाना बेसिक रूटीन का हिस्सा हो सकता है। त्वचा की जरूरत के अनुसार बाद में कोई एक्टिव सीरम जोड़ा जा सकता है।

सनस्क्रीन को बनाएं डेली फैशन रूटीन का हिस्सा

चेहरे पर निखार बनाए रखने में सन प्रोटेक्शन बेहद महत्वपूर्ण है। धूप में लंबे समय तक रहने से त्वचा पर समय से पहले उम्र के संकेत, दाग-धब्बे और सन डैमेज दिखाई दे सकते हैं। अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी बाहर निकलने पर ब्रॉड-स्पेक्ट्रम, वॉटर-रेसिस्टेंट SPF 30 या उससे अधिक सनस्क्रीन की सलाह देती है।

ग्लो के लिए हाइड्रेशन पर दें ध्यान

चेहरा डल और थका हुआ दिखाई देने का एक कारण त्वचा का ड्राई होना भी हो सकता है। इसलिए फेस वॉश के बाद त्वचा के प्रकार के अनुसार हल्का मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें। मॉइस्चराइजर त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करता है और त्वचा को ज्यादा सॉफ्ट तथा स्मूद दिखा

निखार के लिए एक्टिव इंग्रीडिएंट्स

आज की पुरुषों की ग्रूमिंग में नियासिनामाइड, विटामिन सी, हायलूरोनिक एसिड और रेटिनॉल जैसे इंग्रीडिएंट्स की चर्चा बढ़ी है। इनका इस्तेमाल त्वचा की जरूरत के हिसाब से किया जाना चाहिए। एक साथ कई एक्टिव प्रोडक्ट लगाने के बजाय एक लक्ष्य चुनना बेहतर है—जैसे ऑयलीनेस, ड्राईनेस या असमान त्वचा का रंग।

एक शानदार सिनेमाई मुकाबला छिड़ गया 'मैजिक 2' और 'द अपराइजिंग' के बीच

हॉलीवुड

फ़िल्म 'प्रैक्टिकल मैजिक 2' और 'द अपराइजिंग' दोनों सितंबर के दूसरे सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी हैं। 'प्रैक्टिकल मैजिक 2' और एंड्रयू गारफील्ड अभिनीत 'द अपराइजिंग' को 11 सितंबर को रिलीज़ किया गया। मुख्य कलाकार सैंड्रा बुलॉक, निकोल किडमैन, स्टॉकर्ड चैनिंग और डायने वीस्ट हैं। यह 1998 की लोकप्रिय फ़िल्म 'प्रैक्टिकल मैजिक' का सीक्वल है, जिसमें ओवेन्स बहनों की कहानी को 25 साल आगे बढ़ाया गया है। इसका निर्देशन सुज़ैन बियर ने किया है।
वहीं द अपराइजिंग 11 सितंबर को रिलीज हुई। मुख्य कलाकार एंड्रयू गारफील्ड (द प्लाउमैन के रूप में) हैं। यह फ़िल्म वर्ष 1381 के इंग्लैंड के अशांत काल और राजा रिचर्ड द्वितीय के अत्याचार के खिलाफ किसानों के ऐतिहासिक विद्रोह पर आधारित है। बड़े स्क्रीन पर यह एक शानदार सिनेमाई मुकाबला माना जा रहा है।

सेल्फी खिंचवाने आए फैन को घूरते दिखे एक्टर, वायरल वीडियो पर जमकर भड़के यूजर्स

टॉलीवुड

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों इंग्लैंड में अपनी रेस को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसके बाद एक्टर की काफी ट्रोलिंग की जा रही है। जानिए क्या है पूरा मामला। शनिवार को सिल्वरस्टोन में माइकलिन ले मैंस कप रेस का आयोजन हुआ, जिसमें एक्टर अजित कुमार ने भी हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्हें सपोर्ट करने एक्टर और तमिलनाडु के सीएम विजय भी पहुंचे थे। लेकिन अब अजित का एक फैन इंटरैक्शन चर्चाओं में आ गया है। अजित कुमार का एक फैन के साथ एक ऐसा पल कैप्चर हो गया, जिसके बाद अब सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। दरअसल, जब अजित कुमार अपनी रेस के बाद वेन्यू से जा रहे थे, तब एक फैन उनके साथ फोन लेकर सेल्फी लेने पहुंच गया।

खेसारी और अपर्णा के 'जिला छपरा से'ने मचाया बवाल, मिलियन्स में व्यूज बटोर रहा गाना

भोजपुरी

खेसारी लाल यादव और अपर्णा मलिक का नया भोजपुरी गाना 'जिला छपरा से' रिलीज के कुछ ही दिनों में यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। गाने को अब तक मिलियन्स में व्यूज मिल चुके हैं और यह इंस्टाग्राम से लेकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। खेसारी और अपर्णा की केमिस्ट्री के साथ-साथ गाने में अपर्णा का अंदाज और करतब भी दर्शकों को पसंद आ रहे हैं।
भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और अपर्णा मलिक की जोड़ी इन दिनों अपने नए गाने 'जिला छपरा से' को लेकर खूब चर्चा में है। तीन दिन पहले रिलीज हुआ ये गाना यूट्यूब पर तेजी से पसंद किया जा रहा है और फिलहाल 12वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। गाने को अब तक 2.2 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। खेसारी लाल यादव और अपर्णा मलिक की केमिस्ट्री ने 'जिला छपरा से' के जरिए एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा है।

खबर संक्षेप

जमराव में धूमधाम से मनाया तीजा महोत्सव

पाटन। ग्राम जमराव के बाजार चौक में छठवें वर्ष तीजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें में महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं के चलते बाजार चौक में दिनभर उत्सव एवं उल्लास का माहौल बना रहा। आयोजन के दौरान कुर्सी दौड़, आलू दौड़, गोली-चम्मच, सुई-धागा, नारियल फेंक, मटकी फोड़, फुगड़ी एवं गेड़ी दौड़ सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच जागेश्वरी भेष कुमार सोनकर एवं विशेष अतिथि उपसरपंच लेखराज निषाद उपस्थित रहे।

बोरीगारका में 28 से संगीतमय श्रीराम कथा

उतई। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरीगारका (पाऊवारा) में धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में 28 सितंबर से सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास के रूप में गरियाबंद जिले के सुप्रसिद्ध युवा संत आचार्य युवराज पांडे (अमलीपदर वाले) मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कराएंगे। वाटरप्रूफ डोम पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू बोरीगारका पहुंचे। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल, योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू, रामसिंह सोनबोइर, बोरीगारका सरपंच चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, गिरीश साहू, दुष्यंत साहू आदि उपस्थित थे।

निधन

हीराबाई नागवंशी

जामुल। ग्राम जेवरा निवासी हीराबाई नागवंशी (82) का

बुधवार16 सितंबर की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लेखराम, देवशरण एवं भोजू नागवंशी की माता तथा ग्राम पंचायत जेवरा के सरपंच धनेश नागवंशी की भाभी थीं।

मिलापा बाई निषाद

अंडा। ग्राम आमटी निवासी

मिलापा बाई निषाद (75) का 17 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार निज निवास ग्राम के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे स्व. बिसौहा राम निषाद की पत्नी तथा जनक राम एवं सूर्यकांत निषाद की माताजी थीं।

// आम सूचना //

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रभा सिंह पति शशांक कुमार सिंह, उम्र 33 वर्ष शशांक कुमार सिंह आ. विनय कुमार सिंह, उम्र 41 वर्ष, दोनों निवासी - म.नं. 1106, राधिका नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा कोहका, चन्द्र नगर, प.ह.नं. 45/19, तह. व जिला-दुर्ग में स्थित खसरा नं. 4963/1 रकबा 0.020 हे. आवासीय प्लाट नं. 26 स्थित है, उक्त भूमि की सीमा उत्तर- 30 फीट का रोड, दक्षिण - प्रताप पाण्डेय का मकान प्लाट नं. 25 खसरा नं. 4897/2, पूर्व- उज्जवल पाटनी का भूमि खसरा नं. 5187 रकबा 0.24 हे., पश्चिम- पार्वती साहू का मकान प्लाट नं. 25 खसरा नं. 4963/2 है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामीगण श्रीमती प्रभा सिंह व शशांक कुमार से नारायण राय आ. खुमान सिंह राय, उम्र 54 वर्ष, निवासी मकान नं. 1466, रानी अवंति बाई चौक के पास, कृपाल नगर कोहका भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) इकरारप्राप्तकर्ता / अधिकार प्राप्तकर्ता है। नारायण राय इकरारप्राप्तकर्ता / अधिकारप्राप्तकर्ता से उपरोक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि गवाहों के समक्ष प्रदान कर इकरारनामा का निष्पादन किया गया है इकरारनामा की शर्तों के अनुसार मेरे पक्षकार अपने पक्ष में शेष प्रतिफल की राशि अदा कर विक्रय पंजीयन कराया जाना है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा उसके किसी भाग के स्वत्व अंश व हित अथवा आधिपत्य के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक व किसी पारिवारिक सदस्य या किसी अन्य को, किसी भी प्रकार से उजर, आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे अधोलिखित पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें, बाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति मेरे पक्षकार के उपरोक्त संव्यवहार में किसी भी प्रकार से बंधनकारी अथवा प्रभावकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने में स्वतंत्र होगा। उपरोक्तानुसार सर्व साधारण सूचित हो।

दुर्ग, दिनांक 17/09/2026

भवदीय - स्मिता त्रिपाठी
अधिवक्ता
आ. एवं नि. मातोश्री हरिनगर दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 8770214137

उद्योगपतियों के करोड़ों कर्ज माफ, अन्नदाता सड़क पर भूखा : बाबा टेक सिंह

11 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल पर किसान
24 सितंबर को सीएम हाउस घेराव का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

पूर्ण ऋण माफी और विभिन्न कृषि संबंधी मांगों को लेकर 'किसान बंधु संगठन' के नेतृत्व में चल रही क्रमिक भूख हड़ताल गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रही। किसान आंदोलन स्थल पर डटे हुए हैं और शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं।

■ प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

आंदोलन के 11वें दिन खैरागढ़ के पूर्व विधायक स्व. देवव्रत सिंह की पत्नी पद्मावती सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता का अपनी मांगों के लिए सड़क पर बैठना बेहद दुखद है और सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत समाधान निकालना चाहिए। किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि एक तरफ बड़े उद्योगपतियों के करोड़ों रुपये के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ फसल उगाने वाला किसान पाई-पाई के लिए तरस रहा है। उन्होंने वर्ष 2018 की ऋण माफी की पारदर्शी जांच की मांग की। किसानों ने एसडीएम को पात्र-अपात्र की सूची सत्यापन हेतु ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो पूर्व घोषित योजना के अनुसार 24 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष आत्मा साहू, डॉ. जोहन वर्मा, मोती राम वर्मा, पंचराम साहू, दुवासू साहू, मनसुख साहू, बिसंभर साहू, भानु साहू, गोलू साहू, तेजराम साहू और चेतन देवांगन सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

खैरागढ़ की पद्मावती सिंह ने दिया समर्थन

छह साल से संधारण के इंतजार में बदहाल हुई डुंडेरा-जोरातराई सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाला डुंडेरा-जोरातराई मार्ग लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जर्जर सड़क के चलते दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। सड़क का नियमित संधारण नहीं होने से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सड़क की समस्या को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर डुंडेरा-जोरातराई मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य कराने की मांग की है। तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा से जोरातराई जाने वाला यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। सड़क का करीब छह वर्ष पूर्व 2020 में संधारण कार्य कराया गया था। इसके बाद से अब तक सड़क के नियमित संधारण अथवा आवश्यक पेचवर्क का कार्य नहीं होने के कारण मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो गई है। सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति को लेकर विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। बारिश और लगातार वाहनों के आवागमन के कारण सड़क की स्थिति और खराब होने की आशंका बनी हुई है।

■ पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दुर्घटना की आशंका, जल्द कार्रवाई की मांग

डुंडेरा-जोरातराई मार्ग आसपास के ग्रामीणों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है। सड़क खराब होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी होती है। रात के समय गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है।

मायावी दुनिया पर विजय पाने की कला सिखाता है जैन धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भगवान मल्लीनाथ जैन मंदिर में पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को भगवान महावीर स्वामी का 'जन्म वाचन महोत्सव' आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक बोलियां लगाकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सुशीला जैन, भारती कोचर, ममता बैद, सुनीता चौरड़िया, रेखा बैद, निर्मला गोलछा, निकिता जैन एवं हिमांश जैन सहित अनेक जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहे। धर्म मर्मज्ञ चंद्रकैलाश बैद ने प्रवचन में कहा कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन चरित्र आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। जो श्रद्धालु धर्म की गहराई में उतरता है, वह सांसारिक मोह-माया के बीच रहते हुए भी आनंदमय जीवन जीने की कला सीख जाता है। उन्होंने माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 शुभ स्वप्नों का संगीतमय वाचन किया और श्रद्धालुओं से भगवान महावीर के विचारों को अपने जीवन में ढालने का आह्वान किया।

विश्वकर्मा जयंती मनाई

उतई। भिलाई स्टील प्लांट के पावर सिस्टम विभाग के अंतर्गत आने वाले जनरल सर्विस विभाग में ठेका श्रमिकों ने भगवान विश्वकर्मा जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर श्रमिकों ने औजारों व संयंत्रों की पूजा-अर्चना की।

नाबालिग से छेडछाड़ करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 अगस्त को प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी अमित निवासी गड़रिया थाना जशपुरा जिला बांदा उप्र द्वारा 2 अगस्त की शाम करीब 6 बजे जनता कॉलोनी गार्डन के पास लखोली में उसकी नाबालिग पुत्री को कागज के टुकड़े में अपना मोबाइल नंबर देकर पीछाकर बुरी नीयत से हाथ पकड़कर मोबाइल नंबर देने का प्रयास कर छेड़छाड़ करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 74, 78, 249, 351 (3) बीएनएस, 7, 8 पॉक्सो एक्ट कायम किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना बाद फरार हो गया था। जिसकी पतासाजी हेतु सायबर तकनीकी से सहायता लेकर एवं मुखबीर सक्रिय कर आरोपी अमित कुमार 25 साल ग्राम गड़रिया थाना जशपुरा जिला बांदा उत्तरप्रदेश की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 17 सितंबर को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास पुलिस ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

एक व्यक्ति पेड़ में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को समझा-बुझाकर शांत कराया और उसकी जान बचाई ।

पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी चिचोला में कॉल कर आत्महत्या कर रह हूं, कहकर कॉल किया था। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरीनंदन नायक को अवगत कराया गया व दिशा-निर्देशन प्राप्त होने पर पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला निरीक्षक मुकेश्वर ध्रुव, आरक्षक गजेन्द्र भारद्वाज , रमेश कतलाम घटनास्थल की ओर रवाना हुए, लेकिन उस व्यक्ति द्वारा जगह के बारे में सही नहीं बत । रहा था।

समझा-बुझाकर नीचे उतारा

जिसे साइबर सेल की मदद से उस व्यक्ति का लोकेशन पता कर मौके पर में तत्काल पहुंचकर देखें तो एक व्यक्ति जो करीबन 45-50 वर्ष का था, पेड़ पर चढ़कर गले में गमछा लपेटकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहा है, जिसे समझा-बुझाकर शांत कर पेड़ से नीचे उतारा गया एवं उसके परिवार के सुपुर्दनामा दिया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता की तत्परता से बची हादसे में घायल युवकों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ कुथरेल ढाबा के पास लहूलुहान पड़े थे बाइक सवार, खुद की कार से पहुंचाया जिला अस्पताल

सामाजिक कार्यकर्ता की तत्परता से सड़क हादसे के घायलों की जान बची। अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल ढाबा के सामने दो बाइक सवार को गंभीर अवस्था में खून से लथपथ सडक किनारे तडप रहे युवकों को अपने ससुराल से आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र साहू चंदखुरी निवासी ने बिना देर किए तत्काल अपनी कार से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और युवकों का जान बचाने में मदद की। घायल एक युवक संजय ढीमर चंदखुरी व इतांशु ढीमर छोटे पुरदा निवासी के सिर, कान, हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। क्षेत्र के नागरिकों ने मांग की है कि भूपेन्द्र साहू को सम्मानित किया जाना चाहिए। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुघर्टना में घायलों को मदद कर जिला अस्पताल पहुंचाने वालो को प्रोत्साहन करने के लिए राहवीर योजना चलाई जा रही है। उक्त योजना के अंतर्गत उन्हें सम्मानित करने की मांग की है। भूपेन्द्र साहू पूर्व में भी सड़क दुघर्टना के घायलों को अपनी कार से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचा चुके हैं। 10-12 वर्ष पूर्व अंडा थाना प्रभारी सिन्हा चंदखुरी बस स्टैंड के पास रात्रि 10 बजे के आसपास एक गाय से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें भूपेन्द्र साहू पहले राजीव लोचन हास्पिटल लेकर गए और फिर रिफर करवाया। यहां ड्राइवर नहीं होने पर भूपेंद्र ने स्वयं अस्पताल की एंबुलेंस ड्राइव कर जिला अस्पताल ले गए और वहां डाक्टर ने जांचकर सेक्टर 9 रिफर कर दिया था। तब भी साहू ने एंबुलेंस चलाकर तत्काल सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचाया था।

विनायकपुर स्कूल में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



■ विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा, सफाई कर स्वच्छता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विनायकपुर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शाला के प्राचार्य गोविन्द राम साहू के निर्देशानुसार उषा ठाकुर व प्रेमलता योगी ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन शाला परिसर में करवाया गया ।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। पखवाड़े के दौरान विद्यालय में स्लोगन,चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया उसमें से होनहार बच्चों ने स्थान प्राप्त किये। स्लोगन में प्रथम भूमिका साहू 11वी व द्वितीय वर्षा बारले 11वी,चित्रकला में प्रथम वंशिका देवांगन 9वी व नम्रता 11वी द्वितीय यीशिका साहू 10वी तृतीय पिहू सोनी 9वी निबंध में प्रथम ओमिका पटेल 10 वी व तुलसी साहू 11 वी द्वितीय चांदनी साहू 10 वी व सुमन पटेल 11 वी एवं तृतीय साक्षी पटेल 9 वी व गरिमा देशमुख 11 वी रही। पखवाड़े के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं की स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों ने श्रमदान में भाग लेकर विद्यालय परिसर की सफाई की। साथ ही स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छता संबंधी शपथ एवं स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के भातेंद्र गंगराले,सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख,देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू,मालती साहू,पूर्णिमा कोशले,ममता तिवारी,लीना जोशी मीनाक्षी नेताम,गुलशन चंद्राकर, देवऋषि ठाकुर और तरुण साहू आदि उपस्थित थे।

उत्तम साव की पुण्यतिथि कल

उतई। छत्तीसगढ़ साहू संघ के संस्थापक अध्यक्ष, समाज सुधारक एवं आयुर्वेदाचार्य पूज्य दाऊ उत्तम साव की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 सितंबर (शनिवार) को ग्राम चिरपोटी में 'पुण्य स्मरण दिवस', 'सम्मान समारोह' एवं 'निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। समारोह में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू करेंगे। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्षों, पत्रकारों, प्रतिभावान विद्यार्थियों और वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू आदि होंगे।

थनौद में डोम शेड निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम थनौद में यादव समाज के लिए गौठान परिसर में डोम शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर परिक्षेत्रीय यादव समाज एवं ग्राम पंचायत थनौद ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है। बताया गया कि यादव समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गौठान में डोम शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही साथ बस्ती सडक में सीमेंटीकरण, नाली निर्माण, चेबर के लिए सरपंच द्वारा मांग की गई हैं, इससे समाज के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों एवं आयोजनों के लिए एक उपयोगी स्थान उपलब्ध हो सकेगा। डोम शेड की स्वीकृति मिलने पर परिक्षेत्रीय यादव समाज एवं ग्राम पंचायत थनौद की ओर से विधायक ललित चंद्राकर का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

खबर संक्षेप

इलेक्ट्रॉनिक सामान का फाइनेंस कराकर बेचने वाले दो गिरफ्तार

भिलाई। दूसरे के नाम पर इलेक्ट्रानिक सामान को फायनेंस कराकर सेकंड हैंड बाजार में बेचने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि चौहान टाउनशिप, स्मृति नगर निवासी मिहिर रंजन रॉय, केलाबाड़ी, दुर्ग शेख्र देशमुख को पकड़ा गया। इसी मामले में पूर्व में पुलिस ने ऋषभ शर्मा, दीपेश जोशी, दुर्गेश गुप्ता को पकड़ चुकी है। दोनों युवकों के पास से कई अह्म दस्तावेज, विभिन्न फायनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी,अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस कराने का कागजात भी बरामद किया गया। जांच में पता चला कि तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने फायनेंस ठगी में शामिल मिहिर और शेखर फरार चल रहे थे। इनके पास से पुलिस ने बैंक खाता, कई दस्तावेज जब्त किया गया।

तालाब में डूबने से 75 वर्षीय वृद्धा की मौत

निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमटी (आबादी पारा) में गुरुवार तड़के तालाब में 75 वर्षीय वृद्धा मिलापा बाई का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला सुबह तालाब में नहाने गई थी। आशंका जताई जा रही है कि बारिश के कारण लबालब भरे तालाब के घाट (पचरी) से पैर फिसलने की वजह से वह गहरे पानी में चली गई और डूबने से उसकी मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीण तालाब की ओर गए तो जलसतह पर शव तैरता देख तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

वित्त आयोग को लेकर कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने कलेक्टर से की शिकायत

दुर्ग। जिला पंचायत में 16वें वित्त आयोग की राशि के वितरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस समर्थित पांच जिला पंचायत सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और वितरण सूची की वैधानिकता, प्रक्रिया और राशि तय करने के आधार की जांच कराने की मांग की है। सदस्यों ने यह भी मांग की है कि जांच पूरी होने तक संबंधित राशि से प्रशासनिक मंजूरी, कार्यादेश, टेंडर या भुगतान की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। सदस्यों ने कहा कि 11 सितंबर को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हुई थी। इसमें 16वें वित्त आयोग की राशि के वितरण का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 59,81,178 रुपए, उपाध्यक्ष के लिए 54,81,177 रुपए और कुछ अन्य सदस्यों के लिए 53,81,177 रुपए निर्धारित किए गए हैं। वहीं पांच कांग्रेस समर्थित सदस्यों के क्षेत्रों के लिए 10-10 लाख रुपए का प्रावधान किए जाने की बात सामने आई है। 16वां वित्त आयोग 2026-27 से 2030-31 के लिए स्थानीय निकायों से जुड़े अनुदानों की सिफारिश करता है।

चिकित्सा और आवासीय सुविधाओं में कटौती के खिलाफ बढ़ाया दबाव

भिलाई श्रमिक सभा ने जीएम को सौंपा ज्ञापन, रिटेंशन योजना को यथावत रखने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बीएसपी कर्मचारियों के लिए नए आवासों सहित अन्य लंबित समस्याओं के निदान के लिए यूनियनों ने दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। आउटसोर्सिंग निजीकरण के दौर में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई वेलफेयर सुविधाओं को समेटने से कर्मियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। सीटू, इंटक के बाद अब भिलाई श्रमिक सभा (एचएमएस) यूनियन द्वारा भी सेक्टर नौ हास्पिटल का निजीकरण रोकने सहित रिटेंशन व लायसेंसी आवासीय योजना को बंद नहीं किए जाने पर जोर दिया है। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में आवासीय और चिकित्सा सुविधाएं सिमटती जा रही हैं। सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए रिटेंशन व लायसेंसी आवास स्कीमों को खत्म किया जा रहा है। वहीं सेक्टर नौ हास्पिटल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके चलते कर्मियों को अपने व परिवार के भविष्य की चिंता सता रही है। एचएएमएस के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने यूनियन के पदधिकारियों के साथ बीएसपी महाप्रबंधक से मिलकर के कर्मचारियों के विभिन्न लंबित मांगों के निवारण के लिए सेल अध्यक्ष अशोक कुमार पंडा के नाम ज्ञापन सौंपकर दस सूत्रीय मांगों के निदान की मांग की है। इसके तहत वेतन समझौता के अनुसार 39 माह के बकाए एरियर्स की राशि प्रदान कर नए वेतन समझौता के लिए जल्द कमेटी गठित कर सम्मानजनक वेतन समझौता समय पर पूर्ण करने और मंथली इंसेंटिव स्कीम में बदलाव कर सम्मानजनक वृद्धि करने पर जोर दिया है। साथ ही सेल के सभी संयंत्र में अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों की तकनीशियन और अटेंडेंट पदों पर भर्ती कर सेक्टर नौ अस्पताल का निजीकरण न करने और पैरामेडिकल स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की की मांग शामिल है।

बदलें बोनस फार्मूला

यूनियन ने बोनस (एक्सग्रेसिया) के नियमों में बदलाव कर सम्मानजनक बोनस देने, टाउन शिप के सभी जर्जर आवासों को गिराकर कर्मचारियों के लिए नया थ्री बी एच के आवास निर्माण. टाउन शिप में अधिकारियों के भिलाई क्लब एवं स्टील क्लब के तर्ज पर कर्मचारियों के लिए कम से कम दो क्लब का पुनर्निर्माण कर विकसित किया जाए। 9.सेवानिवृत्तकर्मचारियों के मेडिक्लेम की राशि प्रबंधन द्वारा भुगतान किया जाए एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज में किसी तरह कोई भेद भाव न किया जाए। रिटेंशन स्कीम व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लाइसेंस स्कीम प्रारंभ करने सेल के सभी ठेका श्रमिकों के लिए केंद्रीय वेतनमान जल्द लागू की मांग की है।

प्रभावित होगा सेल के उत्पादन विस्तार का लक्ष्य

भिलाई इस्पात संयंत्र के एक्सपांशन प्रोजेक्ट में लेटलतीफी का होगा दोतरफा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट) में विलंब से दोतरफा खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। प्रोजेक्ट के तहत नई रेल मिल के निर्माण से भारतीय रेलवे को डिमांड के अनुरुप रेल की सप्लाई होना है। प्रोजेक्ट में लेटलतीफी से बीएसपी और सेल दोनों के लक्ष्य प्रभावित होने के होंगे।

उल्लेखनीय है कि सेल के उत्पादन विस्तारीकरण योजना के तहत बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट फेस-2 पिछले पांच साल से लंबित है। करीब 45 हजार करोड़ की लागत वाली इस परियोजना के तहत सेल का उत्पादन वर्ष 2032 तक 35 मिलियन टन किए जाने का लक्ष्य है। बीएसपी का उत्पादन भी 7 मिलियन टन से बढ़कर 11 मिलियन टन का टार्गेट है। परियोजना के तहत एक बड़ी फर्नेस और नई रेल एंड स्ट्रक्टरल मिल सहित छह मिलों, शाप्स व अनुभाग यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। यूनियनों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को अब तक कंपलीट हो जाना था लेकिन विडंबना यह है अब तक शुरु ही नहीं हो सका है। प्रोजेक्ट की एक यूनिट सिर्फ नई रेल मिल के लिए सेल ने प्रारंभिक मंजूरी तो दी है लेकिन इसका भी निर्माण अब तक शुरु नहीं हो सका है। इसके चलते बीएसपी व सेल प्रबंधन की चिंता के साथ मुश्किलें बढ़ रही हैं। यूनियनों के मुताबिक प्रोजेक्ट जितना लेट होगा, इसकी लागत बढ़ती जाएगी। समय पर इसके शुरु नहीं होने और आगे निर्माण पूर्ण नहीं होने से बीएसपी के साथ सेल का उत्पादन लक्ष्य और रेल सहित अन्य उत्पादों का घरेलू और विदेशी बाजार भी प्रभावित होगा। वहीं तेजी से कम हो रहे मेन पावर का भी खामियाजा बीएसपी को भुगतना पड़ेगा। निर्माण टेक्निकल एजेंसी को करना है लेकिन प्रोजेक्ट निर्माण के दौरान यह उन क्रीम टेक्नोक्रेटी व अनुभवी प्रबंधकों के अनुभव से वंचित रह जाएगा, जो लगातार रिटायर होते जा रहे हैं। फिर कास्ट बढ़ने से बैंक का ब्याज अदा करने में सेल पर वित्तीय भार भी बढ़ेगा। इसका विपरीत असर वर्कर्स की वित्तीय सुविधाओं की कटौती पर भी पड़ सकता है। पिछले दो महीने में बीएसपी के सौ से अधिक अनुभवी अधिकारी रिटायर हो चुके हैं जिनका प्रोजेक्ट की तैयारी में परोक्ष रुप से योगदान रहा है।

नई रेल मिल का निर्माण भी अब तक नहीं हुआ शुरु

पिछले प्रोजेक्ट में भी विलंब

गौरतलब हो कि बीएसपी का पिछला प्रोजेक्ट यानी फेस -1 परियोजना के निर्माण में भी खासा विलंब हुआ था। लागत बढ़ने से कर्मियों की वित्तीय सुविधाओं में भी कटौती हुई थी। पिछला एक्सपांशन प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य वर्ष 2006-7 में तत्कालीन इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में शुरु हुआ था। इसके तीन साल में पूर्ण करने का लक्ष्य था। लेकिन निर्माण में भारी लेटलतीफी के चलते यह वर्ष 2017- 18 में पूर्ण हो सका। इसके लिए सीधे प्रधानमंत्री ने जल्द कंपलीट करने दबाव बनाया था। इसके तहत महामाया ब्लास्ट फर्नेस 8, यूआरएम सहित पांच औद्योगिक यूनिटों का निर्माण हुआ था, जिसे बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलियन टन हुई। वर्तमान में करीबन पांच मिलियन टन उत्पादन ही किया जा रहा है।

कम हो रहा मेनपावर

बीएसपी की तस्वीर तेजी बदल रही है। इसका असर पर प्रोजेक्ट के लेट होने से पड़ेगा। मेन पावर लगातार कम हो रहा है। पिछले प्रोजेक्ट के समय बीएसपी में करीबन तीस हजार कर्मचारी कार्यरत थे। वर्तमान में मात्र 14 हजार कर्मी व अधिकारी काम कर रहे हैं। पिछले कई साल से भर्ती बंद होने और लगातार सेवानिवृत्ति से कार्यरत कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ रहा है। पांच साल में बीएसपी में करीबन 40 प्रतिशत वर्कर कम हो जाएंगे। आउटसोर्सिंग व निजीकरण की प्रक्रिया तेज हो रही है। वेलफेयर सुविधाएं सिमट रही हैं। ऐसी स्थिति में यदि प्रोजेक्ट लेट होता है तो कर्मियों पर वर्क लोड अधिक बढता जाएगा।

सेक्टर 9 अस्पताल के मेडिकल कर्मियों का जल्द बदलेगा पदनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-9 अस्पताल के मेडिकल कर्मियों को अब सम्मानजनक पदनाम मिलेगा। उनके पदनाम बदलने की जल्द ही प्रक्रिया शुरु होगी। इसके साथ ही अस्पताल के मेडिकल क्लस्टर की लंबित समस्या का भी निदान होगा।

- सीटू के हास्पिटल जोनल प्रतिनिधि मंडल को सीजीएम प्रभारी डॉ. उदय ने किया आश्वस्त

सीटू की हॉस्पिटल की जोनल टीम ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी डॉ. उदय धावडे से मुलाकात कर लंबित बदनाम परिवर्तन करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। हास्पिटल जोन के सचिव अजय कुमार आर्य द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मेडिकल कर्मियों की मांगों को जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल को सम्मानजनक पदनाम की प्रक्रिया जल्द शुरु किए जाने का आश्वासन मिला है। हॉस्पिटल जोन के सचिव अजय कुमार आर्य द्वारा मेडिकल कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित पत्र प्रस्तुत किया गया। शीघ्र समाधान का आश्वासन मिला।मेडिकल विभाग में के नर्सिंग स्टाफ एवं टेक्निकल स्टाफ के वर्तमान पदनामों को बदलकर नर्सिंग ऑफिसर, टेक्निकल ऑफिसर रखे जाने पर आश्वासन मिला। प्री-मेडिकल एग्जामिनेशन शुरू होने से एक साथ बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के कारण टेस्ट ट्यूब, रीएजेंट सहित अन्य आवश्यक सामग्री तथा स्टाफ की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। मेडिकल विभाग में इंटरनेट की धीमी गति तथा बायोकेमिस्ट्री विभाग में चिकित्सक की आवश्यकता के मुद्दे पर भी कार्रवाई का आश्वासन मिला।यूनियन उपाध्यक्ष संतोष कुमार पुस्टि ने मेडिकल टेक्निकल असिस्टेंट (एमटीए) मे डी क्लस्टर की मांग पर डॉ. उदय धावडे ने संबंधित कार्मिक अधिकारी को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। इंटर्न एवं एचएलएल द्वारा उपलब्ध कराए गए कर्मियों की ड्यूटी, छुट्टी सहित अन्य व्यवस्थाएं संबंधित विभाग द्वारा ही किए जाने की बात पर सहमति बनी।

जल्द हो पदोन्नति

प्रतिधिनि मंडल मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर भर्ती होकर पूरी सेवा करने के बाद उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाने का उदाहरण देते हुए सीटू ने पदोन्नति की बेहतर व्यवस्था पर जोर दिया। साथ ही कॉफी हाउस एवं कैंटीन में मेडिकल स्टाफ, विशेषकर महिला कर्मचारियों के बैठने के लिए पृथक स्थान बनाने पार्टीशन की व्यवस्था करने कहा। इस पर सहमति बनी। बैठक में सीटू मेडिकल जोन की ओर से फार्मासिस्ट संतोष कुमार, रुक्मणी साहू, नर्सिंग स्टाफ गुलशन कुमार साहू और सीनियर एमटीए राकेश छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

शेयर जमा करने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। शेयर ट्रेडिंग एवं गोल्ड लोन कारोबार का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मैत्री नगर, रिसाली निवासी अभिषेक जैन ने छावनी पुलिस में शिकायत किया है। शिकायत के मुताबिक सरकडं बिलासपुर निवासी आरोपी यतेंद्र सिंह डहरिया मार्च 2024 में स्वयं को मोतीलाल ओसवाल का ब्रोकर और गोल्ड लोन कारोबार से जुड़े व्यक्ति बताते हुए शेयर ट्रेडिंग का झांसा दिया। पीड़ित की पत्नी निकिता जैन के नाम से डीमैट खाता खुलवाया गया। आरोपी ने सीडीएसएल में शेयर जमा करने का वचन देकर फर्जी दस्तावेज पेश किया। भरोसे में आकर पीड़ित ने आरोपी को 15 लाख रुपए शेयर मार्केट के लिए दिया। पीड़ित का परिचित विक्की सिंह संधू, विश्वजीत सिकदार,माधव ताण्डी ने गोल्ड लोन के लिए गिरवी रखे गए जेवरात को तुरंत बेचकर ठगी किया। विवेचना में पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी यतेंद्र सिंह डहरिया उर्फ शिबू को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय दुर्ग के समक्ष पेश किया है।

जवाहर मार्केट पावरहाउस का 6.56 करोड़ से होगा उन्नयन, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विधायक रिकेश सेन व महापौर नीरज पाल ने किया भूमिपूजन

जवाहर मार्केट पावरहाउस के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन बुधवार को वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जवाहर मार्केट के व्यापारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। जवाहर मार्केट पावरहाउस के उन्नयन कार्य के लिए 6 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से प्रस्तावित उन्नयन कार्यों को मूर्त रूप दिया जाएगा। इससे मार्केट की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ व्यापारियों एवं यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्नयन से होगा सुविधाओं का विस्तार : विधायक रिकेश

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि जवाहर मार्केट क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। मार्केट के उन्नयन से यहां सुविधाओं का विस्तार होगा और व्यापारियों को बेहतर कारोबारी वातावरण उपलब्ध होगा। महापौर नीरज पाल ने कहा कि शहर के प्रमुख बाजारों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं व्यवस्थित उन्नयन पर नगर निगम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जवाहर मार्केट पावरहाउस का उन्नयन भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कार्य है।

अग्रवाल मिष्ठान में दबिश, खराब मिली मिठाइयां, लाइसेंस सस्पेंड

दुर्ग। जिले सहित प्रदेश में एनॉलॉग पनीर को लेकर चर्चा है। शासन ने इस पर प्रतिबंध लगाने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अब भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम पनीर और खोए की जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। गुरुवार को शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शहर के प्रतिष्ठि मिठाई व्यापारीत अग्रवाल मिष्ठान भंडार इंदिरा मार्केट पहुंची, जांच में लड्डू का सैंपल लिया गया। इस दौरान मिठाइयों में खराबी मिली। इसके बाद दुकान का लाइसेंस आगामी दस दिनों के लिए निरस्त कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक टीम अग्रवाल मिष्टान्न भंडार में फूड डिपार्टमेंट ने जांच की। इस दौरान हाइजीन को लेकर कुछ कमियां सामने आईं। टीम ने खाद्य सामग्री के सैंपल भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

मकान से 60 हजार की चोरी

भिलाई। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत तीज मनाने गई महिला के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सोमेशवरी साहू ने तीज मना कर घर लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। सारा सामान बिखरा पड़ हुआ था। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम 500 रुपए गायब था। आसपास खोजबीन करने पर कोई जानकारी नहीं मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है।

सभी कार्यों को जल्द पूर्ण करने के आयुक्त सुरूचि ने दिए निर्देश

आयुक्त ने सीएंडडी प्लांट, गौठान सहित विभिन्न स्थलों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह ने गुरुवार को जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित एस एल आर एम सेंटर में निर्माणाधीन सी एंड डी प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए इसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए, ताकि सॉलिड वेस्ट प्रबंधन का कार्य आसान हो और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके पश्चात उन्होंने राधिका नगर स्थित स्लाटर हाउस में स्थापित मशीन का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

बैकुंठधाम तालाब की स्वच्छता व्यवस्था देखी

आयुक्त सुरूचि सिंह ने बैकुण्ठधाम तालाब का निरीक्षण कर वहां स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर कार्यरत स्वच्छता दीदियों से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा तालाब परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। सायं सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्ज्वलन किया जाना है, जिसकी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का भी उन्होंने मौके पर निरीक्षण किया।

कोसानाला गौठान का किया निरीक्षण

आयुक्त ने कोसा नगर स्थित गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने, मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने गौठान में आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर भी जोर दिया। आयुक्त ने खेल परिसर का भी अवलोकन किया, उन्होंने स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग ट्रैक एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों को जल्द करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को खेल एवं अन्य गतिविधियों के लिए सुविधायुक्त परिसर उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, नितेश मेश्राम, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, श्वेता वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, अशोक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं बीरेन्द्र बंजारे सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।